Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 15 | शुक्रवार, 16 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कोहरा कर रहा परेशान

# कड़ाके की ठंड ने दिल्ली-यूपी को जकड़ा पंजाब-राजस्थान में शीत लहर का अटैक

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत इस समय भीषण ठंड, शीतलहर और घने कोहरे की तिहरी मार झेल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ और भारी बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। अगले दो-तीन दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ झारखंड और ओडिशा में गंभीर शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। उत्तर-पश्चिम भारत और बिहार में पांच-छह दिनों तक सुबह कोहरा छाया रह सकता है।

19 जनवरी तक उत्तर-पश्चिम भारत में जहां-तहां हल्की बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी जारी रह सकती है। इससे मैदानी इलाकों में ठंड का असर जारी रहेगा। हालांकि 18 जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगेगा।



इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी संभव है, लेकिन पूरी तरह राहत मिलने में अभी समय लगेगा, क्योंकि एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इस बीच, गुरुवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री या उसके आसपास पहुंच गया। पंजाब के बलोवाल में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया, जबकि दिल्ली में इस सीजन की सबसे सर्द सुबह रिकार्ड की गई। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो जनवरी 2023 के बाद सबसे कम है। पालम में पारा 2.3 डिग्री तक गिर गया, जो 2010 के बाद का सबसे निचला स्तर है। हरियाणा के हिसार में 0.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। लगातार चार दिनों से दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्य शीतलहर की चपेट में हैं और शुक्रवार को भी इससे राहत मिलने की संभावना नहीं है। कोहरे और कमजोर धूप के कारण दिन में भी गलन बनी रह सकती है। सुबह के समय घना कोहरा रहेगा और बाद में बादल छाए रहने से गलन बढ़ सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार-झारखंड में भी ठंडी हवाओं का असर दिख रहा है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में तापमान तेजी से गिरा है। झारखंड के गुमला में तापमान 0.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो पूरे क्षेत्र में सबसे कम है। इन राज्यों में मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन सुबह में घना कोहरा और ठंडी हवाएं गलन बढ़ा रही हैं।

## आज पश्चिमी चंपारण से शुरू होगी सीएम नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा'

**पटना।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा शुक्रवार को बेतिया (पश्चिमी चंपारण) से शुरू हो रही है। यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय से संबंधित योजनाओं तथा जिले की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे। जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं कार्यारंभ के बाद वे जनसंवाद करेंगे। कार्यक्रम के अंत में जिले की समीक्षा बैठक होगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हेलीकॉप्टर से पटना से रवाना होंगे। 11.30 बजे कुमारबाग औद्योगिक प्रक्षेत्र स्थित हेलीपैड पर लैंड करेंगे।



बेतिया से 1.15 बजे वे पटना के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। पहले चरण की समृद्धि यात्रा 16 से 24 जनवरी तक होगी। शनिवार को पूर्वी चंपारण की यात्रा होगी। रविवार को वे पटना में रहेंगे।

## यूपी वारियर्स ने दर्ज की अपनी पहली जीत, मुंबई को हराया

**मुंबई।** यूपी वारियर्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 में हार के सिलसिले को पीछे छोड़ा। यूपी ने हरलीन देओल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को हराया। हरलीन देओल की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर यूपी वारियर्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में हरलीन ने 39 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन बनाए जिससे यूपी ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीता।

## स्टार्टअप इंडिया पहल को एक दशक पूरा,

# आज कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और भारत के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। स्टार्टअप इंडिया को 16 जनवरी, 2016 को नवाचार को बढ़ावा देने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और निवेश-आधारित विकास को सक्षम बनाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में लॉन्च किया गया था,



जिसका लक्ष्य भारत को रोजगार चाहने वालों के बजाय रोजगार सृजन करने वाला देश बनाना था। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी भारत के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे, एक आधिकारिक बयान में कहा गया है। चुनिंदा स्टार्टअप प्रतिनिधि अपने उद्यमशीलता के सफर के अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी चुनिंदा स्टार्टअप प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे, जहां उद्यमी अपने उद्यमशीलता के सफर, चुनौतियों और उपलब्धियों को साझा करेंगे। यह दशक पूर्ण होने का ऐतिहासिक अवसर है, जब स्टार्टअप इंडिया ने भारत को नौकरी मांगने वाले से नौकरी सृजन करने वाले देश की ओर बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## पॉक्सो कानून का मकसद है यौन शोषण रोकना



**नई दिल्ली।**

अदालत ने स्पष्ट किया कि यह कानून नाबालिगों को यौन शोषण और दुरुपयोग से बचाने के लिए बनाया गया है, न कि युवाओं के बीच सहमति से बने रोमांटिक रिश्तों को अपराधी बनाने के लिए।

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक फैसले में 19 वर्षीय आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह कानून नाबालिगों को यौन शोषण और दुरुपयोग से बचाने के लिए बनाया गया है, न कि युवाओं के बीच सहमति से बने रोमांटिक रिश्तों को अपराधी बनाने के लिए। न्यायमूर्ति विकास महाजन की एकल पीठ ने सोनू हलधर नाम के युवक को जमानत देते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट का इरादा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा प्रदान करना है, न कि निकट आयु के युवकों के बीच स्वैच्छिक संबंधों को दंडनीय बनाना। मामले के अनुसार, आरोपी और पीड़िता (जो नाबालिग थी) के बीच एक स्वैच्छिक रोमांटिक रिश्ता था। संबंध के दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई।

## 'ट्रंप की चेतावनी पर ईरान ने रोकीं 800 लोगों की फांसी'




**नई दिल्ली।** ईरान में कई दिनों से जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने के आरोप में अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव और एक गुप्त बैंकिंग नेटवर्क से जुड़े 18 लोगों व कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। ईरान में सत्ताविरोधी प्रदर्शनों को कुचलने के लिए खामेनेई शासन ने दमन के हरसंभव तरीके अपनाए हैं। प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों लोगों को फांसी दिए जाने की संभावना है। वहीं, हजारों की संख्या में लोग गिरफ्तार भी किए गए हैं। इस बीच ट्रंप प्रशासन ने दावा किया है कि ईरान में कल होने वाली 800 फांसी की सजाओं के अमल पर रोक लग गई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने ईरान के मुद्दे पर बयान जारी किया। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने ईरानी शासन को यह संदेश दिया है कि अगर हत्याएं जारी रहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को आज पता चला है कि कल होने वाली 800 फांसी की सजाएं रोक दी गई हैं।

## ईरान में बढ़ रहा संकट, अपने नागरिकों को बाहर निकालने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।**

ईरान में जारी राजनीतिक उथल-पुथल और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनकी वापसी की व्यवस्था शुरू कर दी है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को बताया, ईरान की बदलती स्थिति को देखते हुए उन भारतीय नागरिकों की वापसी की तैयारी की जा रही है जो वापस लौटना चाहते हैं।

एक दिन पहले ही भारत सरकार ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा करने से मना किया था और ईरान में रहने वाले भारतीयों को किसी भी संभव व्यवस्था से वहां से निकलने का सुझाव दिया था। एमनेस्टी इंटरनेशनल और अन्य मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, ईरान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दो से तीन हजार प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है, जबकि 10,000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ईरान में अनुमानित 8,000 से 10,000 भारतीय नागरिक रहते हैं। इनमें करीब 3,000 मेडिकल छात्र, 4,000 अन्य छात्र, 2,000 मछुआरे और अन्य व्यापारी, पर्यटक व शिया तीर्थयात्री शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने भारतीय दूतावास के जरिये नागरिकों को सलाह दी है कि वे




अनावश्यक यात्रा से बचें और दूतावास से संपर्क करें। दूतावास को ईमेल करके सहायता की मदद मांगी जा सकती है। सरकार विशेष उड़ानों या अन्य साधनों से निकासी की योजना बना रही है। जैसा पहले भी हुआ है कि इस तरह के मामले में असैन्य विमानों के साथ-साथ भारतीय वायुसेना की मदद ली जाती है, इस बार भी हो सकता है। पिछले वर्ष ईरान एवं इजरायल के बीच युद्ध होने की स्थिति में भारत ने सरकार ने ऑपरेशन सिंधु चलाया था और तेहरान से 3600 भारतीय नागरिकों को निकाला गया था। इजरायल से भी 800 के करीब भारतीयों को स्वदेश लाया गया था। इसके पहले यमन, सूडान व यूक्रेन से भी भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया गया है। इजरायल में भारत, अमेरिका व ब्रिटेन के दूतावासों ने जारी की एडवाइजरी इजरायल स्थित भारतीय दूतावास ने भारत के नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसी तरह की एडवाइजरी अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों ने भी अपने नागरिकों के लिए जारी की हैं।

## तेल उद्योग को विदेशी निवेशकों के लिए खोलेगा वेनेजुएला

**नई दिल्ली।**

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद पहली बार देश को संबोधित किया। इस संबोधन में रोड्रिगेज ने तेल उद्योग को विदेशी निवेशकों को लिए खोलने का एलान किया। इस संबोधन में रोड्रिगेज ने कई ऐसी बातें कही, जिनसे साफ पता चलता है कि वेनेजुएला की सरकार पर अमेरिकी दबाव है। निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में अब एक नए युग की शुरूआत के संकेत मिल रहे हैं। दरअसल वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को मादुरो की गिरफ्तारी के बाद पहली बार देश को संबोधित किया। इस संबोधन में रोड्रिगेज ने देश के तेल उद्योग को विदेशी निवेशकों के लिए खोलने का संकेत दिया। डेल्सी रोड्रिगेज के इस संबोधन में वेनेजुएला पर अमेरिकी दबाव की झलक साफ दिखाई दी।



## पंजाब केसरी समूह का सीएम भगवंत मान को पत्र सरकार पर लगाया प्रेस को डराने और छापेमारी का आरोप

**नई दिल्ली।**

समूह ने यह भी कहा कि यह सिलसिला राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ विपक्ष के आरोपों पर एक संतुलित और निष्पक्ष समाचार रिपोर्ट प्रकाशित होने के साथ शुरू हआ। पंजाब की राजनीति में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान पंजाब केसरी अखबार समूह ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। समूह का दावा है कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ निष्पक्ष खबरें प्रकाशित करने के कारण उसे सरकारी एजेंसियों के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब केसरी समूह के विजय कुमार चोपड़ा, अविनाश चोपड़ा और अमित चोपड़ा द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र में आरोप लगाया गया है कि प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी की श्रृंखला ₹प्रेस को डराने₹ के उद्देश्य से की गई है। समूह के अनुसार, यह उत्पीड़न तब शुरू हुआ जब अखबार ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ विपक्ष के आरोपों पर एक संतुलित और निष्पक्ष रिपोर्ट प्रकाशित की।

एक संतुलित और निष्पक्ष समाचार रिपोर्ट प्रकाशित होने के साथ शुरू हआ



## संपादक की कलम से

# संघ-चीनी कम्युनिस्ट मुलाकात

भाजपा मुख्यालय में पार्टी महासचिव अरुण सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। जाहिर है कि कुछ विमर्श भी हुआ होगा। बाद में चीन की अंतरराष्ट्रीय विभाग की उपमंत्री सुन हैयान के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल आरएसएस मुख्यालय गया और सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले से मुलाकात और बातचीत की। इन मुलाकातों को न तो "शिष्टाचार" माना जा सकता है और न ही "कूटनीतिक" करार दिया जा सकता है। बेशक सार्वजनिक तौर पर भाजपा-संघ सीपीसी, कमोबेश सोच और विचारधारा के स्तर पर, एक-दूसरे के विलोम रहे हैं। विरोधी भी रहे हैं। एक पूरा दौर था कि भारत के रक्षा मंत्री चीन को "दुश्मन नंबर एक" करार देते रहे हैं। दरअसल चीन में तानाशाह किस्म का "एकाधिकार" है, जबकि भारत पूरी तरह एक लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री 5-5 साल के लिए ही चुने जाते हैं। चीनी राष्ट्रपति जब तक चाहें, अपने पद पर काबिज रह सकते हैं। बेशक चीन ने हमारी 43,000 वर्ग किमी से अधिक जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसमें से करीब 38,000 वर्ग किमी भू-भाग 1962 के युद्ध में चीन ने कब्जा लिया था और बाद में पाकिस्तान ने 5180 वर्ग किमी जमीन चीन को "समर्पित" की थी। भारत और चीन के दरमियान बेहद गंभीर और आपत्तिजनक विवाद हैं। 2025 से पहले मानसरोवर यात्रा तक पर रोक लगी थी। जून, 2020 के लद्दाख की गलवान घाटी के उस सैन्य हमले को कभी भी भूला नहीं जा सकता, जिसमें भारत के 20 जांबाज सैनिक "शहीद" हुए थे। यह दीगर है कि हमारे सैनिकों ने भी बाद में पलटवार किया था और चीन के 40-45 सैनिकों को मार डाला था, लेकिन चीन ने इस यथार्थ को आज तक स्वीकार नहीं किया। सही आंकड़ा भी सामने नहीं आ पाया, लेकिन भारतीय सैनिकों ने प्रतिशोध जरूर लिया था। "गलवान त्रासदी" के बाद संगठन के स्तर पर ये पहली बार मुलाकातें हुई हैं। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल विभिन्न शिखर सम्मेलनों में भाग लेने चीन का प्रवास कर चुके हैं। उन्होंने अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी की हैं। संगठन के स्तर पर भाजपा-संघ और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेतागण एक-दूसरे देश का दौरा करते रहे हैं। कमोबेश भाजपा के प्रतिनिधिमंडल केंद्र में वाजपेयी सरकार के कार्यकाल से ही चीन जाते रहे हैं। बेशक दोनों राजनीतिक दलों की सोच और कार्यप्रणाली में गहरे विरोधाभास हैं, लेकिन आपसी संचार और संवाद की गुंजाइश बरकरार रखी गई है। ये मुलाकातें भी उसी संदर्भ में देखी जानी चाहिए। इनसे किसी बड़े परिवर्तन के आसार नहीं हैं। दोनों देशों के बीच विवादों पर भारत सरकार के प्रतिनिधि ही बात करेंगे। यह उनका ही जनादेश है। भाजपा-संघ इस संदर्भ में अनधिकार चेष्टा नहीं कर सकते थे। भारत-चीन में बेहद महत्वपूर्ण यह है कि अक्तूबर, 2024 में "ब्रिक्स सम्मेलन" के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के संवाद से संबंधों में जो बर्फ पिघली थी, उससे दोनों देश करीब आए हैं। लद्दाख में तैनात सेनाएं पीछे हटी हैं, सीमा-विवाद पर भी बातचीत हुई है और बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में दोनों को एक-दूसरे की जरूरतों का एहसास हुआ है। हमें चीन से खाद, दुर्लभ पृथ्वी तत्वों, रसायनों और कई अन्य वस्तुओं की जरूरत है, जिनका आश्वासन चीन ने दिया है। कांग्रेस को इन मुलाकातों पर कपड़े नहीं फाड? चाहिए। उसके मीडिया और विदेश मामलों के प्रकोष्ठ ही एक-दूसरे के खिलाफ हैं। चीनी प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस के विदेश प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद से भी मिला है।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### कैसा है तेरा न्याय



उदय किशोर साह

भूख सिर्फ गरीबों के घर पे ही क्यूं आती
क्या कारण है इसका कुछ बता दो मेरे साथी
बाल गोपाल को रूला कर क्यूं चली जाती
महल दोमहलों में तुम क्यूं कभी नहीं आती

झोपड़पट्टी वाले से क्या है तेरा गहरा नाता
दिन रात इनके दर पे तूँ मटकता दिखलाता
कौन सी पाप का ले रहा है इनसे बदला वार
दु:खी मन से देखो रोता है झोपड़ी का द्वार

दिन रात मेहनत क्या गरीब नहीं है। यहाँ करता
फिर भी आराम से परिजन का पेट कब भरता
कौन सी खता पे तुम इनपे करता है ये अत्याचार
रूला रूला कर मजबूर को करता है तूँ प्रहार

ओ रब भूख को तुमने क्यूं जग में नाहक ही बुलाया
गरीबों के घर पे भेज कर क्यूं इन्हें परेशान कराया
जीने का हक पर भी इनको है जन्मसिद्ध अधिकार
इन पर बन्द करो अन्याय और अनहित प्रतिकार

मानव जाति में जन्म जग में है अति ही निराला
मत कर इनका दिन रात दु:ख में जीवन को काला
इनके साथ भी प्रभु हो तेरा न्याय व तेरा उपकार
हँसता खेलता जीवन हो इनका कर दो चमत्कार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ईरान की उथल-पुथल एवं अमेरिका से टकराव गंभीर चुनौती

ईरान में बार-बार उभरती उथल-पुथल केवल किसी एक घटना, किसी एक फैसले या किसी एक पीढ़ी का आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक संरचना की परिणति है, जिसने 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से इस देश को आकार दिया है। आज जब सड़कों पर विरोध के दृश्य, सोशल मीडिया पर आक्रोश और पश्चिमी विश्लेषकों की ओर से सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि ईरान का संकट साधारण आंतरिक असंतोष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। ईरान की आंतरिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता के साथ-साथ उसका अमेरिका के साथ टकराव युद्ध की स्थितियों एवं वैश्विक असंतुलन का बड़ा कारण बन रहा है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक ध्रूवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है।



1979 की इस्लामिक क्रांति ने ईरान में केवल शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर एक नई सरकार स्थापित नहीं की थी, बल्कि एक ऐसी वैचारिक-राजनीतिक संरचना रची थी, जिसमें धर्म, राजनीति और सुरक्षा-तंत्र एक-दूसरे में घुलमिल गए। "विलायत-ए-फकीह" की अवधारणा के तहत सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्व को अंतिम राजनीतिक अधिकार सौंपा गया। इसी व्यवस्था के संरक्षण और विस्तार के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी को खड़ा किया गया, जो समय के साथ केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक ताकत का भी केंद्र बन गया। यही कारण है कि ईरान की व्यवस्था को केवल सरकार या शासन कहकर नहीं समझा जा सकता; यह एक संपूर्ण तंत्र है, जिसे हटाने के लिए केवल विरोध-प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होते।

ईरान ने पिछले चार दशकों में कई बड़े जनांदोलन देखे हैं। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2017-18 की आर्थिक असंतोष की लहर, 2019 में ईंधन मूल्य वृद्धि के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और 2022 में सामाजिक स्वतंत्रताओं को लेकर उठी आवाजेंकृहर बार यह माना गया कि शायद अब व्यवस्था डगमगाएगी। लेकिन हर बार वही सत्ता, वही ढांचा और वही शक्ति-संतुलन कायम रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ईरान में सुरक्षा-तंत्र राज्य से अलग नहीं, बल्कि राज्य का ही विस्तार है। अरब स्प्रिंग के दौरान मिस्त्र या तुर्किए में सेनाओं ने अंततः राष्ट्र-राज्य को बचाने का रास्ता चुना, लेकिन ईरान में आईआरजीसी खुद को क्रांति और इस्लामिक रिपब्लिक का संरक्षक मानती है, न कि केवल सीमाओं की रक्षा करने वाली संस्था। फिर भी यह कहना गलत होगा कि ईरान की व्यवस्था पर कोई दबाव नहीं है। वास्तव में, आज का दबाव पहले से कहीं अधिक जटिल और गहरा है। इसका सबसे बड़ा कारण है पीढ़ीगत बदलाव।

ईरान की आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है, जिसने 1979 की क्रांति न देखी है और न ही उससे भावनात्मक रूप से जुड़ा है। उनके लिए क्रांति कोई जीवित स्मृति नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों का अध्याय है। उनकी आकांक्षाएं इंटरनेट, वैश्विक संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं से प्रेरित हैं। जब ये आकांक्षाएं एक सख्त सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था से टकराती हैं, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है।

इस असंतोष को और तीखा बनाया है दशकों से चले आ रहे अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों ने। इन प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। तेल निर्यात सीमित हुआ, विदेशी निवेश रुका, मुद्रा कमजोर पड़ी और महंगाई ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। विकास और आधुनिकीकरण की गति धीमी पड़ी, जिससे खासकर शहरी मध्यम वर्ग और युवा वर्ग में भविष्य को लेकर निराशा बढ़ी।

आज ईरान के कई नागरिक यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका और इजराइल के साथ अंतहीन दुश्मनी का बोझ उन्हीं के कंधों पर डाला जाना जरूरी है। धीरे-धीरे यह वैचारिक टकराव राष्ट्रवादी गौरव से अधिक सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव इस पूरे परिदृश्य को और खतरनाक बना देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश और सैन्य हस्तक्षेप के संकेतों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। ईरान आज 1979 के बाद से शायद सबसे गंभीर बाहरी दबाव का सामना कर रहा है। यह टकराव केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा भू-राजनीतिक खेल बन चुका है, जिसमें महाशक्तियां अपने-अपने हित साधना चाहती हैं।



ललित गर्ग

# केमिकल ट्रीटमेंट से खराब हुए बाल? तो हफ्ते में एक बार ये जादुई हेयर मास्क ट्राई करें, घर बैठे पाएं सिल्की-शाइनी बाल!

केमिकल ट्रीटमेंट से खराब हुए बालों को फिर से चमकाने के लिए एलोवेरा, अलसी और चावल का हेयर मास्क एक बेहतरीन घरेलू उपाय है, जो बालों को डीप नरिशमेंट देता है। यह मास्क बालों को झड़ने से रोकता है और उन्हें स्मूद, सिल्की और चमकदार बनाता है, हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें। अक्सर हम सभी बार-बार केमिकल ट्रीटमेंट बाल में शौक से करा लेते हैं, लेकिन बाद में यह बालों को डैमेज कर देता है। वैसे तो हर लड़की को स्मूद-सिल्की और शाइनी बाल काफी पसंद होते हैं। लेकिन केमिकल्स ट्रीटमेंट कराने से बालों को काफी साइड इफेक्ट्स देखने को मिलते हैं। अगर आप भी ड्राई और फ्रिजी हेयर्स परेशान हो गए हैं, तो अपने बालों की चमक बनाएं रखने के लिए इस हेयर मास्क को जरुर ट्राई करें। यदि आपके बाल काफी झड़ते हैं तो हेयरफॉल काफी बढ़ जाता है। अगर आप घर में बना हुआ डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क बालों में अप्लाई करेंगे, तो आपके हेयर्स चमकेंगे।

**बालों में लगाएं ये हेयर केयर मास्क**

यदि आपके केमिकल्स या हीट से ज्यादा ही डैमेज हो गए, ड्राई और फ्रिजी हैं, तो यह हेयर मास्क ट्राई करें। अब आप एलोवेरा जेल, अलसी के बीज (फ्लैक्स सीड्स) और चावल। इसके साथ ही बालों को डीप नरिशमेंट देने के लिए थोड़ा सा ऑलिव ऑयल या कोकोनट ऑयल भी यूज कर सकते हैं।



**इन स्टेप्स को फॉलो करें**

- सबसे पहले आप एक फ्रेश एलोवेरा लें और इसका जेल निकाल लें। आप बाजार वाले एलोवेरा जेल का यूज कर सकती हैं, लेकिन पहले आप इसमें इंग्रीडिएंट लिस्ट जरुर चेक कर लें। वो प्योर और ऑर्गेनिक होना चाहिए।
- इसके बाद फ्लैक्स सीड्स का जेल बना लेना है। अब आपको एख पैन में डेढ़ कप पानी डालें और उसमें 3 चम्मच अलसी के बीज मिला दें। इसे उबलने दें, जब तक ये एक जेल जैसा ना बन जाए।

हल्का गर्म रहने के बाद एक कपड़े की मदद से जेल को किसी कटोरी में निकाल लें। ध्यान रखें कि इसे ठंडा होने के बाद निकलना मुश्किल होता है।

- फिर से एक पैन में डेढ़ कप पानी लेना है और इसमें तीन चार चम्मच चावल पकने के लिए डालें। चावल पहले से ही कुछ देर के भिगोने रख दें, ताकि वो जल्दी पक जाएं। जब चावल अच्छे से उबल जाएं, तो गैस बंद कर दें। अब थोड़ा बहुत पानी अगर चावलों में बचता है, तो उसे फेंके नहीं।
- इसके बाद एक मिक्सर में फ्रेश एलोवेरा जेल, फ्लैक्स सीड्स जेल और उबले हुए चावल डालें और सभी चीजों को अच्छे पीसकर एक पेस्ट बना लें। जब स्मूद सा पेस्ट बन जाए तो आपका हेयर मास्क रेडी हो जाएगा। इस्तेमाल से पहले इसमें एक चम्मच ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल या सरसों का तेल मिला लें।

**कैसे इस्तेमाल करें?**

इस हेयर मास्क को आप हफ्ते में एक बार जरुर ट्राई करें। इसको बस बालों की लेंथ पर लगाएं स्कैल्प पर नहीं और करीब 30 मिनट तक बालों पर लगा रहने दें।

इसके बाद ठंडे पानी से हेयर वॉश कर लें और कोई सिरम लगा लें। बाल इतने स्मूद, सिल्की और शाइनी लगेंगे कि सब पूछेंगे कि बालों में क्या लगाया है।

# फिट होने पर भी हो सकता है फैटी लिवर, डॉक्टर ने बताई असली वजह और बचाव के खास उपाय

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो पतले या सामान्य वजन वाले लोगों में भी नॉन-ओबेस फैटी लिवर काफी तेजी से बढ़ रहा है। यह इसलिए भी खतरनाक है, क्योंकि ऐसे लोग इस समस्या को पहचान नहीं पाते हैं। जिस कारण यह बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है।

ज्यादातर लोग मानते हैं कि फैटी लिवर सिर्फ मोटापे या खराब लाइफस्टाइल वाले लोगों को होता है। लेकिन सच्चाई यह है कि कई बार बिल्कुल फिट दिखने वाले लोग भी फैटी लिवर का शिकार बन जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो पतले या सामान्य वजन वाले लोगों में भी नॉन-ओबेस फैटी लिवर काफी तेजी से बढ़ रहा है। यह इसलिए भी खतरनाक है, क्योंकि ऐसे लोग इस समस्या को पहचान नहीं पाते हैं। जिस कारण यह बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है।

**फिट दिखना अंदरूनी सेहत का संकेत नहीं**

सबसे बड़ी वजह यह है कि फिट दिखना हमेशा अंदरूनी सेहत का संकेत नहीं होता है। कुछ लोग बाहर से दुबले-पतले दिखाई देते हैं, लेकिन उनके शरीर में विजरल फैट का मात्रा ज्यादा होती है। यह छिपा हुआ फैट लिवर में जाकर ट्राइग्लिसराइड्स जमा करता है। फिर धीरे-धीरे यह फैटी लिवर का रूप ले लेता है। इसके अलावा असंतुलित खानपान, नींद की कमी, जेनेटिक फैक्टर, कम प्रोटीन और उच्च कार्ब डाइट, हल्की-फुल्की शारीरिक एक्टिविटी और बार-बार बाहर के खाने की भी प्रमुख भूमिका होचती है। में फ्राइड फूड, शुगर और प्रोसेस्ड आइटम्स शामिल होता है। जोकि लिवर पर सीधा असर डालती है। वहीं पतले लोगों में एल्कोहल सेवन भी फैटी लिवर का आम कारण है। भले ही शरीर फिट दिखे, लेकिन नियमित शराब का सेवन लिवर में फैट जमा करती है और सूजन बढ़ाकर फाइब्रोसिस का खतरा बढ़ाती है। इस तरह से इंसुलिन रेसिस्टेंस, थायरॉयड असंतुलन और पीसीओएस जैसी स्थिति दुबले-पतले लोगों में फैटी लिवर की वजह बन सकती है।

**बचाव**

सबसे पहले हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार लिवर फंक्शन टेस्ट और अल्ट्रासाउंड करवाना चाहिए। फिर चाहे वह कितना भी हेल्दी और फिट क्यों न दिखता हो। साथ ही डाइट में शुगर युक्त पेय, रिफाइंड कार्ब्स, जंक फूड और डीप फ्राइड स्नैक्स का कम रखें। फल, प्रोटीन, हरी सब्जियां, ओमेगा 3 और फाइबर युक्त भोजन लें। रोजाना कम से कम 30-40 मिनट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, ब्रिस्क वॉक जरूर करना चाहिए। क्योंकि यह एक्सरसाइज लिवर में जमे फैट को घटाता है। इसके अलावा तनाव कम करें, शराब का सेवन न्यूनतम रखें और नींद पूरी लें।



# केएम अस्पताल के सर्जरी चिकित्सकों ने किया दुर्लभ ऑपरेशन, महिला के पेट से निकाला बालों का बड़ा गुच्छा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** केएम अस्पताल के सर्जरी विभाग चिकित्सकों ने दुर्बल सर्जरी करके एक महिला के पेट से करीबन दो किलो बालों का गुच्छा निकाला है, मरीज अब स्वस्थ्य है, मरीज पिछले दस सालों से ट्राइकोफैगिया नाम की मानसिक बीमारी से जूझ रही थी, जिसमें व्यक्ति अपने ही बाल खाता है। चिकित्सा विज्ञान में इसे ट्राइकोबेजोआर कहा जाता है और दुनियाभर में अब तक ऐसे महज करीब 500 मामले ही दर्ज किए गए हैं। एक लाख लोगों में से एक व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त होता है। गौरतलब हो कि 35 वर्षीय रानी के दस पूर्व पिता की मृत्यु होने पर वह मानसिक रूप से कमजोर हो गई थी, और ट्राइकोफैगिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो गई। वह अपने ही बालों को नौंच नौंच कर खाने लगी। 10 महीनों से रानी के पेट में दर्द, उल्टी जैसी शिकायत होने लगी। कई जगह इलाज कराने के बाद भी मरीज को फायदा नहीं हुआ। मरीज के परिजन सरदार सिंह उसे लेकर केएम अस्पताल पहुंचे यहां सर्जरी विभाग के असिटेंट प्रोफेसर सागर मित्तल ने ऑपरेशन की सलाह परिजनों को दी। स्वीकृति मिलने के बाद सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल के निर्देशन में प्रोफेसर डा. यशपाल जिंदल, प्रो. अजय जैन, प्रो. डा. संकल्प श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर व उनकी टीम के डा. आशुतोष, डा. तन्मय डा. निधि, डा. चिंतन के अलावा निश्चेतना विशेषज्ञ डा. अंचल जैन, डा. सुरभि, डा. शिल्पा, ओटी इंचार्ज शिवकुमार, भूपेन्द्र ने सफल सर्जरी कर मरीज के पेट में से बालों का दो फुट का गुच्छा बाहर निकाल दिया। मरीज के स्वस्थ होने में नर्सिंग विभाग के घनश्याम और रंजीत का विशेष सहयोग रहा। सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि महिला लंबे समय से पेट दर्द और भूख न लगने की शिकायत, उलटी से जूझ रही थी. उसने कई जगह इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद वह केएम हॉस्पिटल पहुंची, जहां अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन व अन्य जांच की प्रक्रिया शुरू की गई। एंडोस्कोपी के दौरान डॉक्टरों को महिला के पेट में बालों का बड़ा गुच्छा जमा होने का पता चला। स्थिति गंभीर थी और दवा से इलाज संभव नहीं था, इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सफल सर्जरी कर महिला के पेट से बालों का पूरा गुच्छा बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो गई है। मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एडी ने बताया कि इस तरह की समस्या अक्सर बाल खाने की आदत (ट्राइकोफेजिया) या मानसिक कारणों से जुड़ी होती है, जिसमें व्यक्ति अनजाने में बाल निगलता रहता है। समय के साथ ये बाल पेट में जमा होकर बड़ी गांठ का रूप ले लेते हैं, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। केएम हॉस्पिटल के लिए यह पांचवा ऐसा मामला है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह बीमारी बेहद दुर्लभ मानी जाती है। इस सफल सर्जरी के बाद न सिर्फ मरीज और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली, बल्कि चिकित्सा जगत में भी यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# कृष्ण कुटीर में वृद्ध माताओं ने श्रद्धा से किया भक्तमाल कथा का श्रवण

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा**/वृंदावन। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित तथा उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम द्वारा नगला रामताल, वृंदावन में वृद्ध माताओं के लिए संचालित ह्लकृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदनह्व में श्री श्याम कृष्ण दास महाराज द्वारा एक सप्ताह तक भक्तमाल कथा का भावपूर्ण वाचन किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने आश्रय सदन के वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संचालन कर रही संस्था ह्लसार्वजनिक शिक्षान्नयन संस्थानह्व की अध्यक्ष श्रीमती स्नेहिल पांडेय एवं श्री देवी प्रसाद तिवारी ने विधिवत आरती उतारी तथा व्यासपीठ का पूजन किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजन-अर्चन में सहभागिता की। कथा के दौरान कथावाचक श्याम कृष्ण दास महाराज ने ब्रजभूमि में हुए महान भक्तों के प्रेरक जीवन-चरित्रों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने भक्ति, त्याग और आध्यात्म के क्षेत्र में भक्तों के अद्वितीय योगदान को अत्यंत सरल, सरस और प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया। कथा प्रसंगों को सुनकर उपस्थित सभी वृद्ध माताएं भाव-विभोर हो उठीं और उन्होंने कथा को शांतिपूर्वक तथा श्रद्धाभाव से श्रवण किया।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कथा के समापन के समय कृष्ण कुटीर में निवासरत माताओं ने संकीर्तन किया तथा भजनों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन ने वृद्ध माताओं के जीवन में नई आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। सम्पूर्ण कथा कार्यक्रम की व्यवस्थाएं प्रबंधक सुश्री शिल्पा मुरगई, अन्य स्वयंसेवकों तथा संस्थान के स्टाफ द्वारा अत्यंत कुशलतापूर्वक संभाली गईं। उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायी एवं सफल बताया।

## मकर संक्रांति पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने केएमयू प्रांगण में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मथुरा जिला के समग्र विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित निदान के उद्देश्य से आज मकर संक्राति के पावन पर्व पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने केएम विश्वविद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों की जनता दर्शन के तहत समस्याएं सुनीं। जिला पंचायत अध्यक्ष को आज ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क ईंट खरंजा सहित अन्य समस्याओं से रूबरू कराया। से संबंधित समस्याएं सुनी। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने स्तर से समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया और मौके पर कई समस्याओं का फोन से ही निस्तारण करवाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के समर्थन के बलबूते पर ही वह अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन कर रहे है और निरंतर ग्रामीणों की समस्याओ के निराकरण और विकास कार्यो को आगे बढ़ाने के कार्य ही मेरी प्राथमिकता रही है। जिला पंचायत की तरफ से सभी गांवों में विकास कार्य शुरू करवा दिए गए हैं, जो कार्य अधूरे रह गए है उन्हें भी जल्द पूरा करा दिया जाएगा।

# मकर संक्रांति पर्व महोत्सव के उपलक्ष में अष्टम आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ


**वेलकम इंडिया**



**मथुरा**/गोकुल। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर दो दिवसीय वार्षिकोत्सव पर सेवायाम कथायाम? के अंतर्गत रतन मोती संस्कृत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मकर संक्रांति पर्व महोत्सव के उपलक्ष में अष्टम आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ भगवान गोकुल नाथ जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चौमुंहा ब्लॉक अध्यक्ष शोभा राम शर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का पटुका एवं दुशाला उढा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रिपुसूदन मिश्र द्वारा संस्कृत महाविद्यालय के विषय में विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि यह संस्कृत महाविद्यालय 100 वर्षों से भी अधिक प्राचीन है, इस विद्यालय के पढ़े छात्र-छात्राएं आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो एक गर्व की बात है। इस मौके पर पधारे प्रख्यात कवि एवं गीतकार राधा गोविंद पाठक ने अपने ओजस्वी कंठ से कविता पाठ किया। इस मौके पर चौमुंहा ब्लॉक अध्यक्ष व मुख्य अतिथि शोभा राम शर्मा ने विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय की प्रगति, अनुशासन एवं संस्कृत भाषा मे सहयोग के लिए विद्यालय प्रबंधक धन्यवाद के पात्र हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर ने इस मौके पर गरीब, असहाय एवं वृद्धाश्रम की विधवा माताओं को कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरण किए। इस अवसर पर जनपद के गणमान्य एवं विशिष्ट सेवा भावी महानुभावों ने इस संगोष्ठी में पधारकर अपने-अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्रबंधक मुकुंद कृष्ण उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एआरटीओ ने यमुना एक्सप्रेसवे पर चलाया सघन चेकिंग अभियान




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सड़क सुरक्षा अभियान के 15वें दिन एआरटीओ प्रवर्तन राजेश राजपूत ने यमुना एक्सप्रेसवे पर यात्री वाहनों के प्रति सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें एआरटीओ ने समस्त बस, टैक्सी के वाहन स्वामियों को निर्देश दिए है कि फर्स्ट एड बॉक्स एवं अग्नि शमन यंत्र के बिना वाहन का संचालन कदापि न करें एवं एक्सप्रेसवे पर किसी भी दशा में वाहन को खड़ा न करें। निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन को खड़ा करे। इसी क्रम में यात्री कर अधिकारी सुश्री पूजा सिंह ने प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध संयुक्त टीमों ने 297 चालान किए तथा रात्रि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु भारी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष में सेनेटरी व्यापारी ने चाय और कंबल वितरण किए



**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** सीबीगंज के रहने वाले लोहिया बिहार मार्केट में पाइप और पानी की टंकी व सेनेटरी के व्यापारी सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता ने हिंदू धर्म के महापर्व मकर संक्रांति के उपलक्ष में क्षेत्र के जरूरत मंदों के लिए चाय, बिस्कुट और ठंड में कांपते लोगों को कंबल वितरण किए। वही मौके पर पहुंचे एक दिव्यांग युवक ने उनसे एक ट्राई साइकिल की मांग रखी, जिस पर मानवता की मिसाल पेश करते हुए दोनों भाइयों ने तुरंत ही एक ट्राई साइकिल मंगा कर उस युवक को दी। ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांग युवक बहुत खुश हुआ और दोनों भाईयों का धन्यवाद किया। वही व्यापारी सौरव गुप्ता और गौरव गुप्ता से बात हुई तो उन्होंने कहा की ईश्वर ने हमें इस लायक बनाया है, तो जीवन में इसी तरह गरीब और असहाय लोगों की मदद करते रहेंगे, इस अवसर पर सीबीगंज क्षेत्र की लेबर कॉलोनी के रहने वाले समाजसेवी नवीन राघव भी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत की खुली पोल एक माह भी नहीं चली नवनिर्मित पुलिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** नगर पंचायत द्वारा बनवाई गयी पुलिया एक माह भी नहीं चल सकी। टूटी पुलिया से निर्माण कार्यों में घपले और कमीशनखोरी की पोल खुल गई है। कस्बे में विकास कार्यों में किस कदर घपला किया जा रहा है इसका जीता जागता नमूना मौहल्ला सादात में बनवाई गईं पुलिया है। अजीज मार्केट के पीछे सादात मौहल्ले जाने वाले रास्ते पर इस पुलिया का निर्माण कार्य दिसंबर 25 माह में कराया गया था। इस रास्ते पर कोई भारी वाहन नहीं चलता और ना ही कोई अन्य वाहन बाइक और स्कूटी इक्का दुक्का ही गुजरते हैं। इसके बाबजूद पुलिया अब पूरी तरह से टूट चुकी है। प्रदेश केपूर्व मंत्री मरहूम सैयद सईदुल हसन साहब के नवासे सैयद रशीद अहमद नकवी ने बताया कि टूटी पुलिया निर्माण में भारी घपला किया गया जिसके चलते वह एक महीने भी नहीं चल सकी। एक महीने के अंदर ही वह फिर से टूट-फूट गयी।

# गौ रक्षा के नाम पर घोटाला सरकारी पैसे हड़पे, गौवंश मरते रहे

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सरकारी महत्वकांक्षी गौ संरक्षण योजना को पलीता लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के क्षेत्र में मझगंवा विकास खंड के ग्राम अनुरुद्धपुर स्थित बृहद गौआश्रय स्थल से सामने आया है। जहां चारा व देखभाल के अभाव में चार गौवंशीय पशुओं की मौत हो गई। इस मामले में पंचायत स्तर पर चल रहे चारा घोटाले की पोल खोल दी है। इस मामले में ग्राम पंचायत अनुरुद्धपुर की सचिव शिप्रा सिंह ने थाना अलीगंज में दी तहरीर में बताया कि वह 14 जनवरी की शाम उन्होंने अपने साथी सचिव हेमंत श्याम के साथ गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौराना गौशाला में चार गौवंशीय पशु मृत अवस्था में पाए गए। तहरीर के अनुसार गौशाला में चारे एंव पशुओं




की देखभाल के लिए सरकार द्वारा नियमित रूप से धन आवंटित किया जाता है, लेकिन ग्राम प्रधान रचना देवी उनके पति दिनेश कुमार तथा गौशाला के केयरटेकर द्वारा चारा नहीं मंगाया गया, आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गई। सरकारी धन का निजी उपयोग किया गया। आया। जिसका सीधा परिणाम बेजुबान पशुओं की मौत के रूप में सामने मामले में ग्राम प्रधान पति की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला सिर्फ कागजों में चल रही थी, जबकि जमीनी हकीकत बेहद शर्मनाक है। ग्राम सचिव शिप्रा सिंह ने प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान रचना देवी उनके पति दिनेश कुमार व केयरटेकर के खिलाफ पशुओं के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, भारतीय न्यास संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत धारा 325 व 316 में मुकदमा दर्ज कराया है। बुधवार को जब हिंदू संगठनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने गोआश्रय स्थल में जाने का प्रयास किया।

उन्हें रोके जाने पर संगठनों ने हंगामा काटा था। जिसके बाद मौके पर एडीएम पूर्णिमा सिंह, एसडीएम विदुषी सिंह ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। जिसके बाद उन्होंने वहां मौजूद गौवंशीय पशुओं की दयनीत हालत देखी। चार पशु मृत पाए गए थे। जिसके बाद उन्होंने आश्वासन दिया था कि मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाएगी। फिलहाल एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच शुरू हो गई है।

## थाने से सौ मीटर की दूरी पर फर्जी फाइनेंसर बनकर की अवैध वसूली

**बुगरासी।** थाना नरसेना से स्याना नहर मार्ग पर बाइक सवार फर्जी फाइनेंसर बन फाइनेंस बाइको को रोककर और उनको डरा धमका कर अवैध वसूली की। जिसके बाद शक होने पर फाइनेंसरों को थाने लेकर चले तो बाइक को छोडकर भाग गये। बुधवार को ग्रामीणों ने एकत्र होकर उनको पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। नरसेना सेनहर स्याना मार्ग नहर पटरी पर मंगलवार को थाना नरसेना से करीब सौ मीटर की दूरी पर बाइक सवार तीन युवक फाइनेंसर बनकर सड़क किनारे खड़े हो गए। और वहां से करीब एक बजे गुजर रही बाइक सवार सोनू पुत्र राजाराम निवासी ऊंचागांव माजरा मड़ैया कलां को रोक लिया, जिसके बाद उसकी बाइक फाइनेंस की किस्त बकाया का हवाला देते हुए बाइक को ले जाने की बात कहकर डराने लगे। बाइक को छोड़ने की एवज में 5 हजार रुपए की मांग कर डाली और पीड़ित ने रुपए दे दिए। इस दौरान कस्बा ऊंचागांव निवासी एक युवक स्याना की तरफ से आ रहा था। वह उनको देख कर वहां रुक गया और उनसे फाइनेंस कंपनी का नाम पूछने लगा, जिसके बाद वह सक पका गए। युवक ने उनको थाने चलकर बाइक को लिखवा कर देने की बात कहीं।

## भीम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. मदनपाल गौतम को पुलिस मुजफ्फरनगर जाने से रोका।

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**/ मुजफ्फरनगर के सोनू कश्यप उर्फ रोनू रोहित निवासी मोहल्ला किला आबकारी रोड कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर की सरधना थाना क्षेत्र के गांव ज्वालागढ़ जिला मेरठ अपनी मौसी के घर जा रहा था रास्ते में बेरहमी से मारपीट कर आग लगाकर मार दिया मृतक की बहन व मां रोती रही लेकिन हमलावर दबंग नहीं माने आज भीम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मदनपाल गौतम मुजफ्फरनगर मृतक के परिवार से मिलने जा रहे थे कि पुलिस ने रात 1:00 बजे घर पर कड़ा पहरा लगा दिया और मुजफ्फरनगर जाने नहीं दिया। आज पूरे उत्तर प्रदेश देश में एससी एसटी ओबीसी मुस्लिम समाज के लोगों पर दिन पर दिन अत्याचार हत्याएं शोषण रेप छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैह्न माव लिंचिंग की घटनाएं चरम पर है। बहुजनों की आवाज को सरकार दबाना चाहती है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जा रहे थे सरकार के इशारे पर रोका गया भीम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को 50लाख रुपए, एक सरकारी नौकरी उनकी सुरक्षा वह दोषियों को कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजा जाए जिसकी मांग कीगई पूरे देश में बहुजन समाज के लोगों पर अन्याय अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी। हम जुल्म करने वालों के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे।

# करोड़ों की ठगी, दर्जनों मुकदमे... फिर भी पुलिस खाली हाथ, कैसे फरार हुआ कन्हैया गुलाटी

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** करोड़ों रुपये की ठगी कर फरार हुए कैनविज कंपनी के सरगना कन्हैया गुलाटी को पकड़ने में बरेली पुलिस की नाकामी अब पूरी तरह उजागर हो चुकी है। एक के बाद एक दर्जनों मुकदमे दर्ज होने के बावजूद न तो पुलिस उसकी लोकेशन ट्रेस कर सकी और न ही उसके ठगी नेटवर्क तक पहुंच बना पाई। हालात यह हैं कि कार्रवाई के नाम पर पुलिस केवल एफआईआर दर्ज कर औपचारिकता निभाती नजर आ रही है, जबकि ठगी के शिकार लोग आज भी अपनी डूबी पूंजी वापस मिलने की उम्मीद



लगाए बैठे हैं। कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रोजाना नए मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। पीड़ितों को यह भरोसा दिया जा रहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद उनकी रकम वापस मिल सकेगी, जबकि हकीकत यह है कि जब तक मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, तब तक ठगी की रकम की बरामदगी सिर्फ कागजी दावा बनकर रह जाएगी।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद पुलिस आज तक उसकी लोकेशन तक नहीं पहुंच सकी है।

हाल ही में कन्हैया गुलाटी का एक ऑनलाइन मीटिंग का वीडियो वायरल हुआ था, जिसे पुलिस के लिए एक अहम सुराग माना जा रहा था।

उम्मीद थी कि इसी वीडियो के जरिए उसकी मौजूदगी और नेटवर्क का पता लगाया जाएगा, लेकिन जिस सुस्त और ढीले स्तर पर जांच की जा रही है, उससे साफ है कि यह सुराग भी अब तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा, तो कन्हैया गुलाटी तक पहुंचना पुलिस के लिए और भी मुश्किल होता जाएगा। कन्हैया गुलाटी की पत्नी राधिका गुलाटी, बेटा कृष्णा गुलाटी और साले समेत उसका पूरा परिवार पूरी तरह भूमिगत हो चुका है।

आशंका जताई जा रही है कि वह परिवार सहित देश छोड़कर फरार हो चुका है। हैरत की बात यह है कि बरेली में उसके कई रिश्तेदार आज भी मौजूद हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक किसी पर भी सख्त कार्रवाई नहीं की। इससे पुलिस की मंशा और कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कुछ समय तक कन्हैया गुलाटी की मां को दुकान पर देखा गया, लेकिन जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा, दुकान भी बंद कर दी गई। इसी बीच यह भी सामने आया कि गुलाटी अपना मकान, दुकान और अन्य संपत्तियां पहले ही बेच चुका था। पुलिस की ढिलाई ने उसे फरारी की पूरी तैयारी का मौका दे दिया। जब तक लुकआउट नोटिस जारी हुआ, तब तक कन्हैया गुलाटी पुलिस की पहुंच से बाहर जा चुका था।

करोड़ों रुपये गंवा चुके पीड़ित आज भी यही सवाल पूछ रहे हैं, क्या कन्हैया गुलाटी की गिरफ्तारी होगी या पुलिस केवल मुकदमे दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती रहेगी पीड़ितों को उम्मीद है कि यदि आरोपी पकड़ा गया, तो शायद उनकी डूबी रकम का कुछ हिस्सा वापस मिल सके, लेकिन मौजूदा हालात में यह उम्मीद भी कमजोर पड़ती नजर आ रही है। करोड़ों की ठगी कर फरार हुआ कन्हैया गुलाटी अब बरेली पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। जिन लोगों की जिंदगी भर की कमाई लुट चुकी है, वे आज भी उसकी गिरफ्तारी का इंतजार कर रहे हैं।

# संतकबीरनगर के तीर अंदाजों ने जिले का किया नाम रोशन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर** ।तीरंदाजी संघ संत कबीर नगर के माध्यम से तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिले के खिलाड़ियों ने पूरे देश में खेल के क्षेत्र में जनपद का नाम रोशन किया ।हाल ही में भारतीय खेल प्राधिकरण कोलकाता में आयोजित आल इंडिया इंटर साई(रअक)आर्चरी चैंपियनशिप में जिले के तीरंदाजों गोल्ड मेडल हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।

तीरंदाजी संघ संतकबीर नगर के अध्यक्ष डाक्टर राकेश मिश्रा ने बताया कि जिले के धौरहरा ग्राम (हैंसर बाजार)के रहने वाले भाई-बहन दोनों तीरंदाजी संघ संत कबीर नगर के माध्यम से तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।जो विभिन्न तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में जनपद का प्रतिनिधित्व करते रहते हैं ।भारतीय खेल प्राधिकरण कोलकाता में आयोजित ऑल इंडिया इंटर रअक आर्चरी चैंपियनशिप में खिलाड़ी संध्या ने जूनियर कंपाउंड इंडिविजुअल में दो गोल्ड मेडल तथा मिक्सड में एक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। तीरंदाज अनिल ने इसी चैंपियनशिप में जुनियर इंडिविजुअल में एक गोल्ड मेडल और रैंकिंग स्कोरिंग में एक सिल्वर मेडल जीतकर तीरंदाजी संघ संतकबीरनगर सहित जनपद का और अपने माता-पिता तथा परिवार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया ।उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए तीरंदाजी संघ संतकबीरनगर के अध्यक्ष राकेश मिश्रा एवं सेक्रेटरी त्रयम्बक उपाध्याय को अपने खिलाड़ियों को यहां तक पहुंचने के लिये बेहतरीन संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए बहुत-बहुत साधुवाद दिया है ।आगे बताया कि वर्तमान समय में खेल के माध्यम से कैरियर संवारने का बहुत ही अच्छा माहौल बना हुआ है।विशेष कर तीरंदाजी के माध्यम से बहुत सारे बच्चे केंद्र और राज्य की नौकरियों में विभिन्न पदों पर खेल कोटे से नियुक्ति पा रहे हैं ।जहां सरकारी सेवाओं के साथ ही प्रदेश और देश के स्तर पर उनकी अपनी एक पहचान बन रही है और अपने जिले सहित परिवार का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

हम अपने खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रशिक्षण के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के तत्पर हैं और सेक्रेटरी/कोच त्रयम्बक उपाध्याय ने कहा कि हमारी एसोसिएशन का उद्देश्य जनपद की खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ ही उनको खेल कोटे के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं में नियुक्ति पाने का अवसर भी उपलब्ध कराना है।

# थाना धनघटा पुलिस ने 02 किलो अवैध गाँजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अभय नाथ मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जय प्रकाश दूबे के नेतृत्व में प्रभारी चौकी जगदीशपुर उ0नि0 श्री विनोद कुमार यादव, का0 रजनीश यादव, का0 महेन्द्र निषाद, का0 मुकेश कुमार, का0 अनिल प्रसाद, का0 सत्यम सिंह, का0 जितेन्द्र यादव ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त साधू उर्फ मो. अजीज पुत्र रुआब अली निवासी सेमरी गनेशपुर थाना धनघटा को ग्राम औराडाड़ के पास से 02 किलो अवैध गाँजा के साथ के गिरफ्तार कर




बृहस्पतिवार को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निदेशों का अक्षरः पालन करते हुए न्यायालय भेज दिया। अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

मु0अ0स0 57/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम, थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर।

मु0अ0स0 487/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर।

मु0अ0स0 307/2023 धारा 4/25 आयुध अधिनियम, थाना महुली जनपद संतकबीरनगर।

मु0अ0स0 507/2021 धारा 3/5अ/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर।

मु0अ0स0 313/2025 धारा 112/305अ/313/317(2)/331(3) बीएनएस0 थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर।

# घना कोहरा और तेज रफ्तार से बस पलटी, 38 घायल, 7 गंभीर

९वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** किरतपुर क्षेत्र में मंडावर रोड के मालन पुल के पास सोमवार रात एक भयंकर सड़क हादसा हुआ उत्तराखंड से वलीमे से लौट रही यात्रियों की बस घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब साठ यात्री सवार थे, जिनमें से अड़तीस लोग घायल हो गए, जबकि सात यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना रात लगभग साढ़े दस बजे हुई। लकसर से बढ़ापुर की ओर जा रही बस मालन पुल के पास अचानक घने कोहरे में फंस गई। बस चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इकतीस यात्रियों को छुट्टी दे दी गई, जबकि सात गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बिजनौर के उच्च उपचार केंद्र रेफर किया गया गंभीर घायलों मेंआफरीन, अजीबा, मो. अली, इदरीश, फरहान मोबिन, शगुफ्ता शाहीन और सन्नो शामिल हैं पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मकरसंक्रांति पर समाजसेवियों ने की वृद्धाश्रम में वृद्धों की सेवा

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** कस्बे के अनेक समाजसेवियों ने मकरसंक्रांति पर वृद्धाश्रम पहुंच कर वृद्धों की सेवा की। वृद्ध जनों को विभिन्न प्रकार के पकवान खिलाये और मिष्ठान वितरित कर उनका आशीर्वाद पाया। चामुंडा मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सैनी के नेतृत्व में अनेक समाजसेवी गुरुवार को मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर जहांगीराबाद स्थित वृद्धाश्रम में नर सेवा नारायण सेवा का ध्येय लेकर पहुंचे। वहां मौजूद ह सभी वृद्धजनों को हलवा पूरी सब्जी छोले चावल आदि का इच्छानुसार भोजन कराया और मिष्ठान खिलाया। जहां एक ओर आजकल भंडारे लगाकर लोग प्रसाद वितरण में जुटे नजर आते हैं वहां वृद्ध जनों की सुध बिरले ही ले पाते हैं। इसके चलते, समाजसेवियों का यह प्रयास सराहनीय कहा जायेगा।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 18वें दिन भी धरना जारी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद** बिजनौर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 18 वा दिन को डी फ ओ कार्यालय नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन जारी है ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरना जारी है वन विभाग और राजस्व , किसानों की वार्ता हुई। जांच करने पर पता चला कि वन विभाग का नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण है। जिस कारण किसानों को कृषि भूमि नहीं मिल पा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि वन विभाग ने किसानों की भूमि कब्जा रखी है उल्टा मुकदमा वन विभाग के अधिकारियों पर पर होना चाहिए वन विभाग के नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण है वन विभाग भ्रष्टाचार के खिलाफ वन विभाग से जंग जारी, खेतों में गुलदार का आतंक, और एक हाथी की मौत हुई वन विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है लड़ाई आर पार की होगी इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरने में दिन-रात जारी हैं ।आज नजीबाबाद से किसान साथी प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर के लिए रवाना हुए। धरने पर, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर,जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान,जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार,मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, सुनील, संजीव,जिला सचिवअमित,न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा,ज्ञान सिंह मुकुल,सोनूगिरिराज प्रमोद,सूरज, विनीत,रोहित,युसूफ,रजत सोमवीर बलराम सिंहअनिल चौहान,नीतू, पवन, मोनू,

# नगीना में मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी का वितरण

**नगीना**। नगीना से नजीबाबाद रोड पर ??स्थित एक निजी पेट्रोल पंप पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कोतवाली ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत और उनके पति विकास राजपूत ने किया। जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी व रेवड़ी वितरित की गई।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश कुमार, सुभाष सिंह, पंकज कुमार, भूपेंद्र चौहान, और हेमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को प्रसाद वितरित कर पुण्य का कार्य किया।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** कोतवाली में अपराध की रोकथाम तथा अवैध शस्त्रों के निर्माण बिक्री, परिवहन एवं अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता मिली है। इसी क्रम में 13 जनवरी 2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इसरार पुत्र बाबू, निवासी कस्बा नहटौर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है।पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। इस संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। बरामदगी का विवरणः एक अवैध चाकू गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः मुख्य आरक्षी अमित कुमार आरक्षी कपिल कुमार आरक्षी कृष्ण कुमार पुलिस प्रशासन ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा

# पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**जनपद बिजनौर** अफजलगढ़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर पुलिस द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसपी अभिषेक झा के आदेश पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया।इस दौरान थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने दो टीमों का गठन किया जिसमें कांस्टेबल आकाश कुमार, कांस्टेबल कृष्ण राणा व कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार ने नवाबपुरा तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बन्टा सिंह उर्फ बन्टी पुत्र करनैल सिंह को अवैध रूप से 20 लीटर कच्ची शराब बेचने के दौरान पकड़ लिया। जबकि गांव तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बलजिन्दर उर्फ बिन्दर पुत्र करनैल सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर जांच शुरू कर दी।इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल आकाश कुमार यादव,कांस्टेबल कृष्ण राणा,कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# सेना दिवस पर वीर नारियों और पूर्व सैनिकों किया सम्मानित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर**।सेना दिवस के अवसर पर जेवीएस रिसॉर्ट्स, चक्कर रोड, बिजनौर में आयोजित समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत (से.नि.), जिलाधिकारी जसजीत कौर उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में अतिथियों ने देश की सुरक्षा में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के योगदान, उनके शौर्य, बलिदान और अनुशासन को नमन किया। युवाओं से राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया।समारोह के दौरान गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य तथा ऑपरेशन सिंदूर विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने भाव-विभोर कर दिया।

समारोह के सम्मान कार्यक्रम में वीर नारियों एवं शौर्य पुरस्कार विजेताओं को सांसद चंदन चौहान, मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत (से.नि.) तथा जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित/फेलिसिटेट किया गया। सम्मान पाकर वीर नारियों एवं पुरस्कार विजेताओं में गर्व एवं भावुकता का वातावरण देखने को मिला।

आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रशासन, पूर्व सैनिक संगठनों, विद्यार्थियों तथा सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन जय हिंद, जय भारत के उद्घोष के साथ हुआ।

# आर आर पब्लिक स्कूल को मिला बेस्ट ऑफ माइ सिटी अवार्ड : टीकम सिंह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर** : नूरपुर के आर आर पब्लिक स्कूल को मेरठ में अमर उजाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में खुद को ऊंचाई पर पहुंचाने व शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान देने वाले बिजनौर के आर आर पब्लिक स्कूल को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला द्वारा बेस्ट ऑफ माइ सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। अमर उजाला की ओर से मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर बिजनौर से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नामचीन हस्तियों को आमंत्रित किया गया।जिसमें बिजनौर के आर आर पब्लिक स्कूल की ओर से स्कूल संचालक प्रतिनिधि के रूप में स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह शामिल हुए जिन्हें मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने अवार्ड देकर सम्मानित किया। अमर उजाला द्वारा बिजनौर के श्रेष्ठ स्कूलों की सूची जारी की गई ।इस अवार्ड के लिए इस साल बिजनौर के आर आर पब्लिक स्कूल को भी शामिल किया गया है।शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर अमर उजाला द्वारा मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल को बेस्ट ऑफ माइ सिटी अवार्ड मिलने पर बिजनौर जनपद के शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने अपनी ढ़ेरो शुभकामनाएं भेंट की है। इससे पहले भी स्कूल द्वारा क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान आर आर पब्लिक स्कूल का नहीं बल्कि यह शिक्षा से जुड़े हर व्यक्ति का सम्मान है। आप सबके प्यार और सहयोग के लिए हृदय की गहराई से धन्यवाद।

# बी पी ए एस इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना 78वां सेना दिवस

वेलकम इंडिया




**जहांगीराबाद**। नगर के भानुप्रताप एंगलो संस्कृत इंटर कॉलेज में बटालियन के कर्नल आशीष नौटियाल के आदेशानुसार 78वां सेना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के शौर्य, साहस और पराक्रम को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित सेना दिवस पर बताया गया कि 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना को अपना पहला भारतीय सेना प्रमुख तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करिअप्पा के रूप में मिला था। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष सेना दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मंच से भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता का गुणगान किया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व हवलदार ब्रजवीर सिंह, सूबेदार सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सूबेदार उमेश सिंह, सूबेदार राममोहन सिंह, हवलदार कुलविंदर सिंह, हवलदार अवतार सिंह, लेफ्टिनेंट अवजीत कुमार सिंह लेफ्टिनेंट सतेंद्र सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी अजय सोम, केयर टेकर दुष्यंत कुमार, कुसुम सैनी, सहायक अध्यापक विकास दीक्षित व रमाशंकर, प्रवक्ता रामाचल सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह एवं प्रवक्ता धीर सिंह उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश शर्मा ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर कंबल बाटे

**मुरादाबाद** : प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व बिंदल पेपर डिस्टलरी हेड राजेश कुमार शर्मा ने बढापुर (मुरादाबाद) मे लोहड़ी व मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल वितरण किये। बता दे कि राजेश कुमार शर्मा एक प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यवहार कुशल और मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी हैं। तथा निर्धन एवं गरीबो की निस्वार्थ सेवा करते रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रधान चंद्रपाल सिंह, योगी महाराज, चौधरी निपेंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड प्राप्त करने के उपरांत प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सामाजिक क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड प्राप्त करने के उपरांत युवा सेवा समिति के संयोजक रिजवान मुनीर के जनपद के प्रथम आगमन पर हजारों की संख्या में टेमा रहमत चौराहे पर पहुंचे युवाओं और ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किये। क्षेत्र के छपिया छितौना, सालेहपुर, नव्वागांव, चिउटना से होते हुए सैकड़ो दुपहिया वाहनों और दर्जनों चार पहिया वाहनों के लंबे काफिले के साथ सेमरियावां पहुंचने पर वरिष्ठ समाजसेवी मुनीरूल हसन चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मशहूर आलम चौधरी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नजीर, वकील अहमद पूर्व प्रधान ने माल्यार्पण कर स्वागत किये। इस दौरान सेमरियावा ब्लाक सभागार में आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए स्वागत से अभीभूत रिजवान मुनीर ने कहा कि जिस लगन के साथ हम सामाजिक सेवा करता रहा हूं उसके दूने उत्साह के साथ आगे भी काम करता रहूँगा। सेमरियावा को तहसील बनाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। क्षेत्र की समस्याओ के समाधान को लेकर निरंतर संघर्ष किया जायेगा। जिस उत्साह से आप लोगों ने स्वागत किये हैं हम आपके कर्जदार हैं। समारोह को सपा नेता सुबोध चन्द्र यादव, सुभासपा के प्रदेश सचिव अब्दुल अजीम, जहीर अहमद एडवोकेट, गुफरान मुनीर ने भी सम्बोधित किये। समारोह का संचालन एजाज मुनीर ने किए।

# सभी सरकारी चिकित्सा संस्थाओं में मनाया गया निः क्षय दिवस

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद में समस्त भारत में प्रत्येक माह की 15 तारीख को निः क्षय दिवस सभी चिकित्सा संस्थानों में मनाया जाता है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज निःक्षय दिवस जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवम् आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर मनाया गया निःक्षय दिवस के अवसर पर मेरिनो कंपनी के द्वारा प्रायोजित श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट तथा जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत मोती कॉलोनी जिला हापुड़ में क्षय रोगियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर के दौरान कुल 147.मरीजों को चिकित्सा परीक्षण का लाभ मिला इन मरीजों में से 12 मरीजों की बलगम की जांच कराई गई और 6 मरीजों को एक्सरे के लिए ओर 2 मरीज कोअल्ट्रासाउंड के लिए सयुक्त चिकित्सालय हापुड़ रैफर किया गया 45 मरीजों की ब्लड शुगर की जांच की गई, श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा अब तक निःक्षय दिवस के अवसर पर 33.चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया है शिविर में स्वास्थ्य विभाग से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह द्वारा उपस्थित मरीजों को निःश्चय दिवस के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि टी0बी 0मरीजों को टी0 बी 0की दवाओं का कोर्स पूरा करना अति आवश्यक है और इसे बीच में नहीं छोड़नी चाहिए इस अवसर पर जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया भारत को टी 0बी0 मुक्त कराने में मेरिनो कंपनी का यह प्रयास सराहनीय है इस कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एस अग्रवाल तथा डॉ डी के अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा अनिल कुमार विनोद कुमार यासीन अली लेब तकनीशियन, मोहम्मद सोहेल फार्मासिस्ट ने कैंप में सहयोग किया।भारत सरकार के द्वारा चलाए गए अभियान के तहत हर महीने की 15 तारीख को निःक्षय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है भारत सरकार इस प्रयास को और मजबूती के लिए कंपनी के द्वारा आयोजित श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा जनमानस को टी बी रोग के बारे में लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### सुश्री मायावती पूर्व मुख्यमंत्री का अमरपुर में धूमधाम से केक काटकर मनाया 70वां जन्म दिवस



वेलकम इंडिया

**स्याना.(बुलंदशहर)** गुरुवार शाम को अमरपुर चौराहे पर बहन कुमारी सुश्री मायावती पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का 70वा जन्म दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर अनेक समाज के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए तथा सभी ने अपने-अपने विचार रखें बहिन जी का जन्म दिवस आज पूरे भारतवर्ष में जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा केक काटा गया तथा बहुजन समाज पार्टी की नीतियों का प्रचार किया गया तथा सभी ने यह संकल्प लिया 2027 में बहिन जी को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है। इस मौके पर जिला पंचायत प्रतिनिधि राफे खान प्रदीप जाटव इकबाल कुरैशी नवीनुर खां आदि लोग मौजूद रहे।

# वार्डों में सुनियोजित विकास के लिए नगर निगम प्रतिबद्धः महापौर

वेलकम इंडिया




**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 13 नानकपुरम में सीसी रोड़ और नाली निर्माण कार्य का रिबन काटकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रत्येक वार्ड में सुनियोजित विकास और जनसुविधाओ के विस्तार के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

महापौर डॉ. अजय कुमार का वार्ड 13 नानकपुरम पहुंचने पर क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। नानकपुरम के लोगो की काफी दिनों से चली आ रही सड़क और नाली निर्माण की मांग पर आज महापौर ने सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ रिबन काट कर व नारियल फोड़कर किया। निर्माण कार्य पर करीब 14 लाख रुपये की लागत आयेगी।

महापौर ने कहा कि सीसी रोड व नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा के साथ ही पानी निकासी समस्या का समाधान भी होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से नगर निगम प्रत्येक वार्ड में सुनियोजित विकास और जनसुविधाओ के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए लगातार निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इस दौरान महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पार्षद प्रतिनिधि नीरज दिवाकर, हौजरी एसोसियेशन के अध्यक्ष मंजीत अरोड़ा, भाजपा नेता सुमित अरोड़ा व प्रमोद कश्यप आदि शामिल रहे।

# निजामपुर में सड़क का कार्य पूरा न होने से ग्रामीण परेशान



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव निजामपुर बागर में सड़क का कार्य पूरा ना होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर 2 महीने पहले सड़क को बनाने का कार्य शुरू किया गया था लेकिन अभी तक पूरा न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक निधि से बने मार्ग की लंबाई 112.50 मीटर तथा कुल लागत 9ड्ढ80 लाख है।यह सड़क के विधायक निधि योजना से 2024 में 25 के अंतर्गत कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग गाजियाबाद उत्तर प्रदेश ने इसका कार्य पूरा करना था लेकिन 2026 में भी सड़क का कार्य पूरा नहीं हो सका है।

कार्य पूरा होने से पहले ही शिलान्यास लोकार्पण स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी के नाम से बोर्ड लगा दिया गया है उसके बाद किसी ने भी सड़क की तरफ मुड़कर नहीं देखा है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# वंदे मातरम गीत श्रृंखला चित्रशाला का शुभारंभ



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग के सौजन्य से उत्तर प्रदेश दिवस के अंतर्गत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम गीत पर आधारित चित्रांकन कार्यशाला का उद्घाटन ललित कला विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रांगण में हुओ आयोजन के मुख्य अतिथि सुविख्यात चित्रकार एस प्रणाम सिंह तथा वसंता कॉलेज राजघाट के सेवानिवृत प्रोफेसर एवं चित्रकार सत्येंद्र बाऊनी ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन कियो वंदे मातरम गीत में संपूर्ण विश्व के स्वरूप का दृष्टिगोचर होता है भगवान श्रीराम हों या भगवान बुद्ध हो या संत नानक हो, कबीर हो, तुलसी हो यह सभी वंदे मातरम गीत में समाहित है ` स्त्री शक्तियों में देवी आपला, घोषा, गार्गी सबके विराट स्वरूप को वंदे मातरम गीत प्रदर्शित करता है उपरोक्त कथन उद्घाटन अवसर पर चित्रकार सत्येंद्र बाऊनी ने अपने उद्बोधन में कहा कार्यशाला के उद्घाटन पर बीज वक्तव्य राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर सुनील कुमार विश्वकर्मा ने रखा, एस प्रणाम सिंह ने चित्रकारों के प्रेरणा के लिए कुछ सुझाव व्यक्त किया। कार्यशाला के समन्वयक डाक्टर सुनील कुमार सिंह कुशवाहा ने बताया कि यह कार्यशाला तीन दिवस तक ललित कला विभाग में चलेगी जो वाराणसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी वंदे मातरम गीत के प्रत्येक छन्द के ऊपर उत्तर प्रदेश के पांच स्थानों पर चित्रण कार्यशाला आयोजित है जिसमें चतुर्थ छन्द का चित्रण वाराणसी क्षेत्र के कलाकारों को प्राप्त हुआ है युवा चित्रकार डॉक्टर शशि कांत नाग के मार्गदर्शन में काशी क्षेत्र के वरिष्ठित चित्रकर्तृ आशा प्रकाश, युवा प्रतिभा बलदाऊ वर्मा, रवि शंकर उर्फ अर्जुन, आशीष राय और आजाद कपूर के द्वारा तीस फीट के वृहद फलक पर वंदे मातरम गीतमाला का अंकन किया जा रहा है

सहयोगी कलाकारों में अंकित कुमार, सुरेश कुमार सौरभ, प्रवीण प्रकाश, हिमांशु आदि शामिल हैं इस अवसर पर ललित कला विभाग के अध्यापक डॉ रामराज, डॉक्टर शत्रुघ्न प्रसाद, चित्रकार एवं राणा जी मूवमेंट सभागार के अध्यक्ष राणा शेरु सिंह, डॉ राधाकृष्ण गणेशन तथा अनेक कला विद्यार्थी उपस्थित थे उद्घाटन के उपरांत चित्रकारों ने पूरे पाठ पर रेखांकन कार्य संपन्न किया और रेखांकन के द्वारा अपने अन्वेषण आत्मक क्षमता को उद्घाटित किया

# भागवत पीठ आश्रम में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** रुक्मिणी विहार रोड़ (निकट केशव धाम) स्थित भागवत पीठ आश्रम में सत्य सनातन सेवार्थ संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट, वृन्दावन के तत्वावधान में मकर संक्रांति का पावन पर्व अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य/भागवत पीठाधीश्वर वैष्णवाचार्य मारुति नंदनाचार्य ₹वागीश₹ महाराज ने कहा कि मकर संक्रांति भारतीय वैदिक संस्कृति एवं सनातन धर्म का विशेष पर्व है। भगवान सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है।साथ ही सूर्य की स्थित दक्षिणायण से निकलकर उत्तरायण हो जाती है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश सिरोही, पूर्व पालिकाध्यक्ष पण्डित मुकेश गौतम, प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख भाजपा नेता पण्डित योगेश द्विवेदी, महोत्सव के मनोरथी श्रीमती ज्योति-दिनेश केसरवानी, श्रीमती हनीशा-दिव्यांश केसरवानी (सी.ए.), आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, प्रख्यात भजन गायक पण्डित बनवारी महाराज, पूर्व पार्षद पण्डित विजय मिश्र, भागवताचार्य विपिन बापू महाराज, श्रीराम कथा मर्मज्ञ पण्डित अशोक व्यास, आचार्य सुरेशचन्द्र शास्त्री, डॉ. रामदत्त मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार योगेश शर्मा, पण्डित राजेश कृष्ण शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव में पधारे सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत युवराज श्रीधराचार्य महाराज द्वारा पटुका ओढ़ा कर किया गया।महोत्सव का समापन स्वरुचिपूर्ण भोज (दाल, बाटी, चूरमा) के साथ हुआ।

# नवीन अनाज मंडी में रालोद नेता रॉबिन राघव के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी भोज का आयोजन

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर नगर की नवीन अनाज मंडी स्थित राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता रॉबिन राघव के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

खिचड़ी भोज में चावल, दाल, सब्जी एवं गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य पर्व के माध्यम से सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के व्यापारी, किसान, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

रालोद नेता रॉबिन राघव ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व हमें सेवा, सहयोग और सद्भाव का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम नगर के अन्य स्थानों पर भी वेलफेयर सोसायटी, अनूपशहर अड्डे पर डॉक्टर अरुण कौशिक, लालकुआ पर शिशे वाले मन्दिर पर वही नवीन मंडी में पीयूष चौधरी की दुकान पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ ,कायर्क्रम की नगर में भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही।

# महिला सहयोग समिति ने एक गरीब कन्या का विवाह संपन्न



वेलकम इंडिया

**डिबाई,(बुलंदशहर ):** महिला सहयोग समिति डिबाई ने मकर संक्रांति के पर्व पर एक गरीब कन्या का विवाह महिला सहयोग समिति की संस्थापिका समाज सेविका डॉ रजनी सिंह और सभी सदस्यों की तरफ से गरीब कन्या का विवाह संपन्न किया गया। जिसमें उपहार स्वरूप ड्रेसिंग टेबल, बक्सा, पलंग, बिस्तर, कंबल, कुर्सी, मेज, साड़ियां व गर्म कपड़े वर वधु को जरूरतमंद उपहार दिए गए।विवाह के उपरांत सभी को भोजन कराया गया। सस्थां के सभी सदस्यों ने अपना सहयोग देकर अपनी अपनी सहभागिता निभाई। महिला सहयोग समिति की सस्थापिका डॉ रजनी सिंह, डॉ जया बंसल( उपाध्यक्ष), आशा गुप्ता आदि संस्था की सभी सदस्य उपस्थित रही।

# बुजुर्गा की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीष :- बोहरा

वेलकम इंडिया




**बाड़मेर राजस्थान।** बाड़मेर जिला मुख्यालय के निकट स्थित राजस्व गांव सांसियों का तला में गुरूवार को जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से अभियान ग्रामोदय के तहत अध्यक्ष व स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में बुजुर्गां के सम्मान व अभिनन्दन को लेकर वृद्धजन सम्मान एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसियों का तला के बुजुर्गजनों का आत्मीय अभिनन्दन व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक बुजुर्गां का सम्मान कर उन्हें कम्बल भेंट की गई। शिक्षक डालूराम सेजू ने बताया कि अभियान ग्रामोदय के माध्यम एवं प्रेरक मुकेश अमन के प्रयासों से सांसियों का तला राजस्व गांव के उन्नयन को लेकर तमाम कार्य संचालित व आयोजित किये जा रहे है। जिस कड़ी में गुरूवार को सांसियों का तला विद्यालय प्रांगण में गांव के बुजुर्गजनों का बहुत ही आत्मीय व मार्मिक मान-सम्मान व अभिनन्दन किया गया। जिस कड़ी में स्टाफ द्वारा बुजुर्गजनों का तिलक कर माल्यार्पण किया गया। और उन्हें संस्थान की ओर से कम्बलें भेंट की गई। वहीं उपस्थित बच्चों सहित सभी ने घर-परिवार में बुजुर्गां की सेवा व सम्मान का संकल्प लिया। तथा बुजुर्गां ने सबको खूब-खूब आशीर्वाद व स्नेह प्रदान दिया। और वे इस प्रकार के सम्मान से बहुत भावुक हो गये। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष मुकेश अमन सहित उपस्थित बच्चों ने बुजुर्गां के चरण स्पर्श कर उनसे स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता व स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हम इतनी बड़ी संख्या में बुजुर्गां का मान-सम्मान कर रहे है। बुजुर्गां का यहां पधार हमें आशीष प्रदान करना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। अमन ने कहा कि बुजुर्गां की सेवा से ही हमें पुण्य व आशीष प्राप्त होता है। जिस घर में बुजुर्गां को सेवा व मान-सम्मान मिलता है, वो घर किसी स्वर्ग से कम नही होता है। बुजुर्गां की देखभाल हम सबका नैतिक दायित्व है।

# मकर संक्रांति पर सेवा शिविर का आयोजन , कंबल व खिचड़ी वितरण

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के कैराना मार्ग स्थित शुभम मेडिकल स्टोर पर गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समाजसेवी नरेश सैनी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से सेवा शिविर का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया।इस अवसर पर सामाजिक सौहार्द और मानव सेवा का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला ।सेवा शिविर के अंतर्गत जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया गया। वहीं मकर संक्रांति की परंपरा के अनुरूप खिचड़ी का प्रसाद भी श्रद्धा और सम्मान के साथ वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया ।समाजसेवी नरेश सैनी ने कहा कि पर्व और त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता कर उनके जीवन में खुशियां लाना है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव समाजसेवियों के साथ मिलकर जनकल्याण के कार्यों में सहयोग करता रहेगा ।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन स्थल पर उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना का वातावरण बना रहा, जिससे मकर संक्रांति का पर्व मानवता और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया गया ।इस मौके पर एसआई सचिन त्यागी, डॉ. सुभाष सैनी, डॉ. नकली शर्मा, शुभम, लाल्ला सैनी, महमूद सैफी, सोनू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई ।मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल बबीता व हेड कांस्टेबल कमलेश ने अभियान का नेतृत्व करते हुए नगर के सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड, बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए किसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर भरोसा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें ।महिला पुलिसकर्मियों ने सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों, सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित एलम नाला कट पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहान चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र के गांव सरूरपुर निवासी सुमित अपनी बहन नैंसी के साथ बाइक से जनपद बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र के गांव लोहारा स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही दोनों क्षेत्र के नेशनल हाईवे एलम नाला कट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को नगर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने के कारण गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।समाचार लिखे जाने तक थाने पर कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी।

# बसपा कार्यकताओं ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 70 वा जन्म दिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में गुरुवार को प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 70 वा जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने केक काटकर और लड्डू वितरण कर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी देवीदास जयंत ने कहा कि जिस समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी उस समय प्रदेश में विकास की गंगा बह रही थी। उन्होंने बहन जी के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप जैसे लोगों ने बहन जी का जन्मदिन मना कर दुनिया को बता दिया है कि दुनिया में बहन जी एकलौती ऐसी नेता है जो वंचितों, बेसहारा, मजलूमों, गरीबों और अल्पसंख्यकों के दिलों में बसती है। कार्यक्रम का संचालन अनीस अंसारी व अध्यक्षता किरणपाल ने की। इस मौके पर प्रवीण, अनिल कुमार, सतपाल, विनोद कुमार, चंदकी राम, ईलम चंद, जुगनू, रोहतास, नंदू , बुद्धू व श्यामलाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव ने वाराणसी स्टेशन प ? सकुर्लेटिंग एरिया ,प्लेटफार्म एवं टिकट घर की किया संघन चेकिंगे

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- माघ मेला-2026 और मकर संक्रांति के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया,प्लेटफार्म एवं टिकट घर की संघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है

आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक वाराणसी कैंट संदीप कुमार यादव के निर्देशन में वाराणसी स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेनों में विशेष रूप से महिला व विकलांग कोच में अन्य यात्रियों के न बैठने की हिदायत के साथ अभियान चलाकर चेकिंग की गई `वाराणसी स्टेशन पर आरपीएफ वाराणसी व सीआइबी वाराणसी की संयुक्त टीम चेकिंग के दौरान दो अवैध वेंडर मिले जिनके विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गयो वाराणसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ साइड सेकण्ड एंट्री गेट एस्केलेटर पर साइकिल लेकर न्यूसेंस करने के जुर्म में एक व्यक्ति तथा चार अन्य व्यक्तियों तथा दो कीन्नरों के विरुद्ध,कुल सात व्यक्तियों के विरुद्ध स्टेशन परिसर में न्यूसेंस करने के जुर्म में रेलवे एक्ट की धारा 145 में मामला पंजीकृत कियो कुल नौ के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।



# जेसीआई काशी शिवा द्वारा ह्लआहार शेयर ए बाईटर सेवा कार्यक्रम का आयोजन



(संतोष कुमार सिंह)

वाराणसीः- जेसीआई काशी शिवा द्वारा सामाजिक सरोकार की भावना को साकार करते हुए आहार ₹शेयर ए बाईटर₹ सेवा कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी गुरुवार को किया गया` इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को भोजन उपलब्ध कराना हैं` कार्यक्रम का शुभारंभ संजय केशरी,पार्षद,वार्ड संख्या 84 गोला दीनानाथ के कर कमलों द्वारा किया गया` इस अवसर पर जेसीआई काशी शिवा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और सेवा कार्य में अपना योगदान दिया` कार्यक्रम के संयोजक जेसी दीपक ओबेरॉय ने बताया कि जेसीआई काशी शिवा निरंतर समाज के कमजोर वर्गों के लिए इस प्रकार के सेवा कार्य करती रही है

और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे कार्यक्रम के निदेशक जेसी विवेक अग्रवाल,जेसी शिवांगी चौरसिया एवं जेसी एडवोकेट शिशिर बरनवाल रहें जेसीआई काशी शिवा के अध्यक्ष जेसी उत्कर्ष बरनवाल ने कहा कि सेवा ही जेसीआई का मूल उद्देश्य है और ह्यआहारह्ण जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं` सचिव जेसी श्याम जलान ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया

# सड़क सुरक्षा की छात्राओं को दिलाई गई शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बृजभूषण ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई ।इस अवसर पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों की जानकारी, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के महत्व, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य प्रो. बृजभूषण ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना और सड़क पर सुरक्षित एवं अनुशासित व्यवहार के प्रति जागरूक करना है ।कार्यक्रम के उपरांत सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गुजरान मोहल्ला होते हुए रायजादगान मोहल्ले स्थित शिव मंदिर तक पहुंची। रैली में महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया रैली के सफल संचालन में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अमित सिंह एवं डॉ. संजय कुमार ने सहयोग प्रदान किया।

# फल विक्रेता पर दबंगों का जानलेवा, गंभीर अवस्था में अस्पताल में भती

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बाइक की साइड लगने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने फल विक्रेता और उसके पिता पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन उपचार के लिए कस्बे के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है ।कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती मुस्तफाबाद निवासी असगर अपनी बाइक से दिल्ली बस स्टैंड स्थित अपने पुत्र सादिक की फल की दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में साइड मार दी। विरोध करने पर युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन कर अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद सभी ने मिलकर फल विक्रेता सादिक और उसके पिता असगर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें सादिक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्कूटी सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवक थाने के टॉप टेन बदमाश और हिस्ट्रीशीटर के पुत्र हैं ।पीड़ित के पिता असगर ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार, कच्ची शराब बरामद



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी पुलिस ने नाला नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है ।पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश पर एलम पुलिस चौकी प्रभारी विपिन मलिक पुलिस टीम के साथ बुधवार को नाला नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक पुलिस को आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की, लेकिन वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि वह कच्ची शराब की तस्करी करते हैं और आसपास के गांवों में शराब की सप्लाई करने जा रहे थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 17 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम अंकित पुत्र प्रताप, निवासी ग्राम खेडी करमू, थाना कोतवाली शामली तथा समद पुत्र इकराम, निवासी नई गौशाला, थाना कोतवाली शामली बताए हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वार्ष्णेय महिला वेलफेयर ने मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी का वितरण किया गया

**डिबाई, (बुलंदशहर):** वार्ष्णेय महिला वेलफेयर डिबाई ने मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी का कार्यक्रम चेतना वार्ष्णेय स्थित रेलवे रोड के आवास पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने बिस्किट,देशी घी,दूध,गुड़, गजक,गर्म कपड़े,स्वेटर,कंबल, लंच बॉक्स,मोजा भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में वार्ष्णेय महिला वेलफेयर की सदस्य गरीब लोगों को बढ़-चढ़कर दान पून करने में अपना पूर्ण योगदान देती हैं।इस अवसर पर चेतना वार्ष्णेय, पूर्णिमा,दीपशिखा, अनीता,पूनम,नीता,भावना,प्रीति साधना विनीता भावना ज्योति शैलेश अनुराधा आदि महिलाएं मौजूद रही।

# हुकुलगंज में कंबल वितरण कर व्यापार मंडल ने मनाया मकर संक्रांति एवं सेना दिवस

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- स्वर्गी कलावती देवी रघुनाथ प्रसाद अग्रहरी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 15 जनवरी गुरुवार को मकर संक्रांति एवं सेना दिवस के अवसर पर कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि वाराणसी के प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति आर चौधरी ने कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित क्षेत्र के गरीब असहाय वृद्धा विधवा महिलाओं को भीषण शीत लहरी में कंबल वितरित किया कंबल पाते ही उनके चेहरे खुशी से खिल गए इस अवसर पर आर चौधरी वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत के प्रमोद अग्रहरि अध्यक्ष द्ववय ने कहा कि आमजन को सुरक्षित रखने के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को गरीबों की सेवा करनी चाहिए ताकि कोई भी ठंड से प्रभावित न हो उपस्थित लोगों ने इसे मानवता के प्रति एक सराहनीय कार्य बताया` आयोजकों ने बताया कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है यह कंबल वितरण का कार्य इस संस्था के माध्यम से विगत सोलह वर्षों से लगातार किया जा रहा हैं` कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष प्रतीक अग्रहरी उर्फ शिवा ने किया` उपरोक्त अवसर पर अग्रहरि समाज वाराणसी के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि,सनी जौहर,लालचंद अग्रहरि,बबलू गुप्ता,बबलू चौहान,सोनू अग्रहरी,महेंद्र,मोहन मिश्रा, राजू अग्रहरि,शिवानी अग्रहरि सहित अन्य लोग उपस्थित थे

# थाना परिसर में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा की रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर थाना परिसर मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया ।बैठक के दौरान सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह न कराने और अपने क्षेत्र में इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन उर्फ बबला ने बताया कि यह बैठक सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप आयोजित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है।

# दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा आईएसआई प्रमाणित हेलमेट पहने -डॉ सतीश अग्रवाल

वेलकम इंडिया



( अनिल वशिष्ट) । डॉ के एन मोदी कॉलेज में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निदेर्शों के क्रम में सड़क सुरक्षा यातायात माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3500 छात्रों और शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली और यह भी संकल्प लिया कि हम अपने आसपास के सभी नागरिकों को यातायात के नियमों के प्रति सजग करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत सड़क सुरक्षा से संबंधित निबंध, भाषण, पोस्टर लघु नाटिका का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सड़क सुरक्षा का अर्थ सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने और मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए अपनाए जाने वाले नियमों और उपायों से है । जिसमें विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी प्रतिदिन प्रार्थना स्थल पर दी जा रही है ।शराब पीकर वाहन चलाना दंडनीय अपराध है और जानलेवा हो सकता है। वह चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल कदापि न करें नशे में नाबालिक छात्र वाहन न चलाएं, ऐसे सभी नियमों की जानकारी छात्रों को दी गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बरेली के ग्राम सड़क सुरक्षा समिति मॉडल को पूरे उत्तर प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। बरेली मंडल में 4013 समितियां गठित की है ।जिसमें लगभग चार लाख स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जागरूकता और सुधारात्मक कार्यों के माध्यम से असमय होने वाली मौतों को कम करने का कार्य कर रहे हैं। बरेली में लागू किया गया यह नवाचार पूरे उत्तर प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक प्रवीण जैन, तेजवीर सिंह, राजकुमार सिंह, ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्रीश्याम बाबा की पावन निशान यात्रा का नगर में बड़ी धूमधाम से निकल गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट) । श्री श्याम सेना ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री खाटू श्याम बाबा की पावन निशान यात्रा मोदीनगर के सीकरी पेट्रोल पंप से बड़ी धूमधाम के साथ निकलीं गईं। इस यात्रा में रथ पर विराजमान बाबा श्याम का अनुपम रूप भक्तों को देखने को मिला। यात्रा के शुभारंभ गुरुदेव अशोक शास्त्री महाराज द्वारा श्री खाटू श्याम बाबा की आरती करने के बाद किया गया। श्री श्याम सेना ट्रस्ट के अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता ने कमेटी के सभी पदाधिकारी की ओर से श्री खाटू श्याम जी महाराज व गुरुदेव अशोक शास्त्री महाराज को फूल माला पहनकर व पगड़ी पहनकर स्वागत किया। यात्रा यात्रा का नगर में कई जगह लोगों ने भाव स्वागत किया स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय एकता महिला संघर्ष समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष तीशा गोस्वामी, रुक्मणी मार्केट पहुंचने पर दशमेश खालसा परिवार व रुक्मणी मार्केट के व्यापारियों द्वारा, बस स्टैंड के पास प्रिंस- दिशा कंसल ने गुरुद्वारा रोड के बाहर श्री वैश्य कुटुंब सेवा समिति की अध्यक्ष वर्षा गुप्ता ने, ।पागलों की टोली (मोबाइल मार्केट) के सदस्य द्वारा भी यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। व्यवस्था में मुख्य रूप ओमप्रकाश यादव व रमेश गोयल जी की टीम का विशेष योगदान रहा। श्री श्याम सेना ट्रस्ट मोदीनगर के अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा यह ट्रस्ट श्याम बाबा के सिद्धांत पर कार्य करेगा। हमारा मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना होगा। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से प्रफुल्ल अग्रवाल, पंकज कंसल, योगेश कुमार, मोहनलाल गुप्ता, वीरेंद्र, किरण पाल गिरी, उज्जवल कंसल आदि का व्यवस्थाओ में विशेष सहयोग रहा।

## पालिका द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर कंबल व खिचड़ी का वितरण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट) ।मकर संक्रांति के पावन महापर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद, मोदीनगर द्वारा गांधी ग्राउंड में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम एवं सीकरी माता के पावन प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन विनोद वैशाली की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सभासदगण एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों एवं जरूरतमंद नागरिकों को कंबल व खिचड़ी एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश चौधरी, अर्जुन नेहरा, बलराज गुर्जर, ललित मित्तल, ललित त्यागी, सोनू चौधरी, आदित्य बॉबी, सूबे सिंह, सोनू डमरू, जितेंद्र चौधरी, बबलू कौशिक, कपिल चौधरी, अंकित चौधरी (आर.आई.), अंकित गोयल, विनोद कुमार (लेखाकार), अमरीश (एस.एफ.आई.) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का उल्लासपूर्ण आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट) । दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व अत्यंत उत्साह, परंपरा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ ऑफलाइन एवं ऑनलाइन (हाइब्रिड मोड) में मनाया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की गई ।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के दौरान लोहड़ी की पारंपरिक भावना को दशार्ते हुए प्रतीकात्मक अलाव के माध्यम से फसल उत्सव का आनंद लिया गया। विद्यार्थियों के लिए लोकनायक दुल्ला भट्टी के जीवन पर आधारित एक जानकारीपूर्ण वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिससे उन्हें इस पर्व के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं।

विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनिशा गांधी ने अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया तथा निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया।

## निवाड़ी में मोतियाबिंद का निशुल्क कैंप का किया गया आयोजन

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट) । नगर पंचायत निवाड़ी पुरानी टंकी के पास मोतियाबिंद का एक निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 51 लोगों की जांच की गई। जिसमें से 13 लोगों के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। उनका ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। गाजियाबाद से वरदान सेवा संस्थान की एक टीम ने डॉक्टर सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में निवाड़ी में आंखों की जांच की गई। सुनील शर्मा ने बताया कि निवाड़ी में मोतियाबिंद का कैंप प्रत्येक माह की 15 तारीख को लगाया जाएग। जिसमें शुगर ब्लड प्रेशर और आंखों की जांच के साथ मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा, चांद वीर चौधरी, राजीव शर्मा, बिट्टू त्यागी, दिनेश शर्मा कपिल कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जीएसटी कार्यालय के वापस मोदीनगर आने पर आईआईए ने किया आभार व्यक्त



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट) । इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मोदीनगर चैप्टर के अध्यक्ष राज ढींगरा एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मुकेश गर्ग ने जीएसटी कार्यालय के वापस मोदीनगर आने पर सभी औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों, मोदीनगर के अधिवक्ता गणों, मोदीनगर की विधायक डॉ मंजू शिवाच, मोदीनगर नगरपालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से मोदीनगर से विस्थापित एक सरकारी कार्यालय पुनः मोदीनगर वापस आ सका। कहते है कि जब किसी कार्य को करने के दिल से प्रयास किए जाए तो कायनात भी साथ देती है।

## गौरी शंकर मंदिर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण



वेलकम इंडिया

मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट) ।गौरी शंकर मंदिर सीकरी फाटक मोदीनगर मे मकर संक्रांति के उपलक्ष में राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया ।राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री पंडित दीपक वत्स ने कहा कि मकर संक्रांति का बड़ा ही धार्मिक महत्व है। इस मौके पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित करने और प्रसाद पाने वालों भगवान की कृपा होती है। इस मौके पर प्रेम पूर्वक प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य रूप से राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री पंडित दीपक वत्स, डॉक्टर नरेंद्र त्यागी, राजकुमार मास्टर, निखिल वत्स, तरुण सोनी, उमेश दीवान, हनी वत्स, संजीव सैन आदि उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ठगी किये गये 36,500 रुपये खानपुर पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में करायें वापस

**बुलंदशहर.**26.10.2025 को वादी दीपक पुत्र अमोलक निवासी ग्राम अमरपुर थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खानपुर पर एक शिकायत की जिसमें आवेदक के फोन के माध्यम से साइबर ठगो द्वारा ऑनलाइन ठगी की गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत संख्या-33110250148625 पंजीकृत की गयी ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना खानपुर साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए पीडित के खाते में 36,500/- रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना खानपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## निर्वाण फाउंडेशन ठंड में जरूरतमंद बच्चों के लिए बना सहारा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ )। मकर संक्रांति के पावन अवसर एवं स्वर्गीय रामपाल सिंह कशनवाल के 75 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निर्वाण फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष ओमकार सिंह कशनवाल द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर जाकर ठंड से प्रभावित जरूरतमंद बच्चों को 51 जोड़ी गर्म कपड़े वितरित किए। ओमकार सिंह कशनवाल ने कहा कि उनके पिता सदैव यह मानते थे कि मजदूर ही देश की रीढ़ होते हैं, और उन्हीं संस्कारों से प्रेरणा लेकर वे गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु निरंतर निस्वार्थ सेवा कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, अमित कुमार, आकाश चोपड़ा, अनिल कुमार जाटव, सुरेश कुमार जाटव, आकाश कश्यप, महेंद्र प्रजापति, नितिन चौधरी, रिंकू नागर, पिंकी नागर एवं सुषीला देवी का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का एयरपोर्ट पर स्वागत

वेलकम इंडिया



**वाराणसी** मिजार्मुराद।* भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष गुरुवार की दोपहर में बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पर काशी क्षेत्र के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। अंगवस्त्रम एवं माला पहनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारी की कतार लग गई थी। बीएल संतोष बाबतपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। वह संगम में स्नान के बाद संगठन की बैठक भी लेंगे। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य, क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु, जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र राय, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, मेयर अशोक तिवारी, पूर्व मंत्री व विधायक नीलकंठ तिवारी, विधायक त्रिभुवन राम, सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी क्षेत्र शैलेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

## वैश्य समाज मोदीनगर द्वारा भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट) । वैश्य समाज मोदीनगर द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रुक्मणी मार्केट के सामने भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया ह्ल भंडारे को सफल बनाने में देवराज मित्तल, सुदेश मित्तल अश्वनी गुप्ता संजय सिंघल कृष्ण गुप्ता मुकेश गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल नवीन जायसवाल मनोज संगी नरेश दानी रविंद्र बंसल आदि का सहयोग रहा ह्ल भंडारे के मौके पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल स्वदेश जैन संजय गुप्ता महेश तयल पियूष गुप्ता अश्विनी गुप्ता नरेश अरोरा, सागर मित्तल पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, प्रदीप कंसल, राकेश गोयल, संजय गुप्ता संदीप मित्तल, मुकेश गोयल आदि श्रद्धालु जनों ने प्रसाद ग्रहण करके ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष व कार्यकताओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत।

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** स्याना में सिखों के दसवें गुरु, सरबंस दानी साहिबे कमाल पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार, स्याना के तत्वावधान में चौदहवां सालाना नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शबद कीर्तन और गुरुबाणी के मधुर स्वरों के साथ पुनः गुरुद्वारा पहुंचा। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सिख संगत सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे नगर में ह्लबोले सो निहाल, सत श्री अकालह्व और ह्लवाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेहह्व के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान अपना दल (एस) बुलंदशहर के कैम्प कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा सभा के अध्यक्ष सरदार तेजेंदर सिंह उर्फ निक्कू सरदार ने अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

## मानेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ खिचड़ी भंडारा, उमड़ी भीड़



संदीप तिवारी

**मिजामुर्राद** कछवारोड़ । मानापुर छतेरी गांव में स्थित मानेश्वर महादेव मंदिर पर गुरुवार मकर संक्रांति को हनुमान चालीसा महायज्ञ के समापन पर वृहद खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया ।भंडारे में भारी संख्या में भक्तजनों व ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया ।भंडारा देररात तक चला ।सम्पूर्ण विश्व के कल्याण एवं भारत हिन्दू राष्ट्र हेतु महायज्ञ हुआ है ।महायज्ञ व भंडारे में आचार्य पं.शिवकांत मिश्रा, पुरोहित पं.संजय मिश्रा पुजारी शेषनारायण तिवारी,( डब्ल्यू) अवधेश तिवारी,( ओदु) सतीश तिवारी, किशन तिवारी, विनय तिवारी, मन्नू तिवारी, चंद्रभान,( कन्नू) राहुल तिवारी लल्लू तिवारी, सनोज गोंड, रमेश केशरी, राजकुमार सेठ, भगेलू केशरी समेत ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान किया।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप के जन्मदिवस पर दिव्यांगजनों को मिला सम्मान और संबल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सहायक उपकरण और कंबल का वितरण संदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और सम्मान का जीवंत उदाहरण गुरुवार को उस समय देखने को मिला, जब उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नरेंद्र कश्यप ने अपने 64वें जन्मदिवस को सेवा और संवेदनशीलता के पर्व के रूप में मनाया। इस अवसर पर सैकड़ों दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरण एवं कंबल वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम स्थल पर खुशियों और आत्मविश्वास की लहर दौड़ गई। इस विशेष कार्यक्रम में माननीय मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप जी ने कुल 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 5 सामान्य ट्राईसाइकिल, 15 व्हीलचेयर, 5 स्मार्ट केन, 10 श्रवण यंत्र (कान की मशीन) तथा सैकड़ों जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कंबल प्रदान किए। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर जो मुस्कान दिखी, वह इस आयोजन की सार्थकता को स्वयं बयान कर रही थी। जन्मदिवस के अवसर पर मंत्री जी ने प्रत्येक दिव्यांगजन से सप्रेम भेंट की, उनका हालचाल जाना और आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि उनका जन्मदिवस तब ही सार्थक है, जब वह समाज के उन वर्गों के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, जिन्हें सहयोग और संबल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। मंत्री जी ने कहा कि दिव्यांगजन किसी भी रूप में कमजोर नहीं हैं, बल्कि सही संसाधन और अवसर मिलने पर वे समाज की मुख्यधारा में मजबूती से योगदान दे सकते हैं। अपने संबोधन में नरेंद्र कश्यप ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार दिव्यांग पेंशन योजना, कृत्रिम हाथ-पैर, केलिपर वितरण, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजना, विवाह अनुदान योजना, दुकान संचालन एवं निर्माण योजना, कॉक्लियर इम्प्लांट योजना, लीगल गार्जियनशिप योजना तथा दिव्यांग बस पास जैसी योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री जी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा और क्षमता के बल पर आगे बढ़ सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जी ने दिव्यांगजनों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें आत्मविश्वास के साथ नई राह पर आगे बढे के लिए प्रेरित किया।

# मकर संक्रांति पर इनर व्हील क्लब की सेवा मिसाल, 102 विंटर किट्स का वितरण

वेलकम इंडिया



**एनसीआर/ग्रेटर नोएडा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर इनर व्हील क्लब नवीन ग्रेटर नोएडा, डिस्ट्रिक्ट 301 द्वारा समाजसेवा की एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की गई। क्लब की ओर से ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विंटर किट्स वितरण अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत कुल 102 विंटर किट्स का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य ने न केवल जरूरतमंदों को ठंड से बचाव का सहारा दिया, बल्कि मानवता और करुणा का संदेश भी समाज तक पहुंचाया। इस अवसर पर ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों, आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों तथा विभिन्न स्थानों पर कड़ाके की ठंड में तैनात रहकर अपनी सेवाएं दे रहे सुरक्षा रक्षकों को विशेष रूप से लाभान्वित किया गया। प्रत्येक लाभार्थी को ठंड से बचाव के लिए एक-एक गर्म मफलर के साथ मकर संक्रांति की परंपरा के अनुरूप मूंगफली और रेवड़ी भी वितरित की गई। सर्द मौसम में मिली इस गर्माहट से लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। क्लब प्रधान अदिति भाद्वाज, क्लब सचिव शैली गर्ग एवं अंकिता सिंह ने स्वयं अपने हाथों से सभी लाभार्थियों को गर्म मफलर वितरित किए। उन्होंने लोगों से सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और सतर्क रहने की अपील भी की। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि पर्वों का वास्तविक महत्व तभी है, जब उनकी खुशियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। इस सेवा कार्य के दौरान क्लब की सक्रिय सदस्य ईहा श्रीवास्तव, पूर्व क्लब प्रधान नीता सिंगला तथा सोनिका त्यागी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सेवा, संवेदना और मानवता का संदेश दिया और यह सिद्ध किया कि संगठित प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इनर व्हील क्लब नवीन ग्रेटर नोएडा की इस पहल की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की। क्लब सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इसी भावना के साथ समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे। मकर संक्रांति जैसे पावन अवसर पर किया गया यह आयोजन निस्संदेह सामाजिक सौहार्द, सहयोग और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने वाला रहा।

# स्कूल बैग के बढ़ते वजन को लेकर एनसीपीसीआर सख्त, डीएम को जांच के आदेश आईपीए ने फैसले का किया स्वागत

वेलकम इंडिया अनिल कुमार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अनुपालन न होने और बच्चों पर स्कूल बैग के अत्यधिक बोझ को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जिलाधिकारी को जारी नोटिस का इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है।

आईपीए के महासचिव महिपाल रावत ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बच्चो और अभिभावकों के हित से जुड़ी हमारी शिकायत की समीक्षा करते हुए आयोग ने पाया कि जिले के अनेकों निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों की जगह प्राइवेट पब्लिशर्स की पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं, जिससे बच्चों के बैग का वजन तय मानकों से कहीं अधिक हो गया है साथ ही अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है स्कूल बैग के बढ़ते वजन का सीधा असर बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और वे पीठ, गर्दन एवं कंधों के दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं एनसीपीसीआर ने स्पष्ट किया है कि स्कूल बैग नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप ही कक्षा-वार पाठ्यक्रम और समय-सारिणी निर्धारित की जाए तथा केवल एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का ही पालन सुनिश्चित किया जाए। आयोग ने सभी विद्यालयों को शैक्षिक सत्र 2026-27 से पहले आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने जिलाधिकारी गाजियाबाद से मांग की है कि जिले के सभी विद्यालयों की तत्काल जांच कर एनसीईआरटी पाठ्यक्रम एवं स्कूल बैग नीति का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, एसोसिएशन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों के स्कूल बैग के वजन और पढ़ाई जा रही पुस्तकों पर नजर रखें तथा किसी भी अनियमितता की सूचना संबंधित अधिकारियों, एनसीपीसीआर या आईपीए की टीम को दें।

## प्रदूषण मापक यंत्र बंद, हवा की सेहत पर उठे सवाल

**गाजियाबाद।** जिले में वायु प्रदूषण की वास्तविक स्थिति जानने में लगातार तकनीकी बाधाएं सामने आ रही हैं। प्रदूषण मापक यंत्रों के बार-बार बंद रहने से जिले का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सही तरीके से दर्ज नहीं हो पा रहा है। बृहस्पतिवार को भी वसुंधरा क्षेत्र का प्रदूषण मापक यंत्र बंद रहा, जिससे वहां की हवा की गुणवत्ता का आकलन नहीं हो सका। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी कारणों के चलते मापक यंत्र अक्सर बंद हो जाते हैं, लेकिन इससे आम लोगों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बृहस्पतिवार को जिले का औसत एक्यूआई 321 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। हालांकि दोपहर करीब दो बजे हवा की गति में हल्की बढ़ोतरी के कारण एक्यूआई में कुछ गिरावट दर्ज की गई और यह 280 तक पहुंच गया। इसके बावजूद हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी से बाहर नहीं आ सकी। लोनी क्षेत्र की स्थिति सबसे चिंताजनक रही, जहां एक्यूआई 399 दर्ज किया गया। यह स्तर बेहद खराब श्रेणी में आता है और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे का संकेत देता है। इंदिरापुरम और संजय नगर के लोगों को अपेक्षाकृत थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन इन इलाकों की हवा भी खराब श्रेणी में ही दर्ज की गई। इंदिरापुरम में एक्यूआई 266 और संजय नगर में 297 रहा। अधिक धूल वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि धूल कणों को नियंत्रित किया जा सके। इसके बावजूद मापक यंत्रों की तकनीकी खराबी और लगातार खराब होती हवा की गुणवत्ता ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों की मांग है कि प्रदूषण मापक यंत्रों को दुरुस्त कर हवा की सटीक स्थिति सार्वजनिक की जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें और नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सतर्कता बरतने में मदद मिल सके।

## 12 साल से बिस्तर पर कैद जिंदगी, बेटे के लिए पिता ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी आखिरी उम्मीद

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज अंपायर में रहने वाले 31 वर्षीय हरीश राणा की सांसें भले ही चल रही हों, लेकिन उनकी जिंदगी पिछले 12 वर्षों से एक ही बिस्तर तक सिमट कर रह गई है। क्वाड्रिप्लेजिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हरीश 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं और उनका पूरा शरीर निष्क्रिय हो चुका है। वर्षों से बेटे की पीड़ा देख रही मां निर्मला देवी ने उसकी इच्छा मृत्यु की अनुमति के लिए पहले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन 8 जुलाई को अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। अब थक-हार कर परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट से उम्मीदें बांधी हैं, जहां आज कोई अलग और मानवीय निर्णय आने की आस है। हरीश के पिता अशोक राणा बताते हैं कि वर्ष 2013 में रक्षाबंधन के दिन उनका बेटा पीजी की चौथी मंजिल से गिर गया था। हादसे में उसके सिर और कमर में गंभीर चोट आई थी। उस समय किसी को अंदाजा नहीं था कि यह दुर्घटना उसकी पूरी जिंदगी को बिस्तर तक सीमित कर देगी। इलाज के शुरूआती दौर में उम्मीद थी कि हरीश दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा, लेकिन समय के साथ सारी उम्मीदें टूटती चली गईं। पिछले 12 वर्षों से अशोक राणा और उनकी पत्नी दिन-रात बेटे की सेवा में लगे हैं। उन्होंने पीजीआई चंडीगढ़, एम्स, आरएमएल, एलएनजेपी और अपोलो जैसे देश के नामी अस्पतालों में हरीश का इलाज कराया, लेकिन हर कोशिश बेनतीजा रही।

# गाजियाबाद स्टेशन पर यात्रियों को बड़ी राहत, प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण का काम पूरा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** देश के व्यस्ततम रेलवे जंक्शनों में शुमार गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। लगातार बढ़ रही यात्री संख्या और पीक ऑवर में उमड ? वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा उठाया गया यह कदम यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। खास बात यह है कि यह पूरा कार्य तय समयसीमा के भीतर संपन्न किया गया, जिससे स्टेशन संचालन पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत स्टेशन के प्रमुख और व्यस्त प्लेटफॉर्म संख्या 5/6 और 3/4 को चौड़ा किया गया है। प्लेटफॉर्म संख्या 5/6 के मध्य भाग में लगभग 4 मीटर और अंतिम हिस्से में करीब 1.5 मीटर की अतिरिक्त चौड़ाई जोड़ी गई है। यह विस्तार करीब 300 मीटर लंबाई तक किया गया है, जिससे इस प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों को अब पहले की तुलना में अधिक स्थान मिलेगा और भीड़भाड़ की स्थिति में संतुलन बना रहेगा। इसी तरह प्लेटफॉर्म संख्या 3/4 के मध्य हिस्से में लगभग 4 मीटर और अंतिम हिस्से में करीब 2 मीटर तक चौड़ीकरण किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर किया गया यह कार्य लगभग 200 मीटर लंबाई में फैला हुआ है। प्लेटफॉर्म की बढ़ी हुई चौड़ाई से न केवल यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि ट्रेन के आगमन और प्रस्थान के समय होने वाली अव्यवस्था और धक्का-मुक्की की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी। रेलवे का मानना है कि प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण से पीक ऑवर के दौरान यात्रियों की भीड़ बेहतर तरीके से प्रबंधित की जा सकेगी। यात्रियों के लिए चलना-फिरना आसान होगा और प्लेटफॉर्म पर फिसलने या ट्रैक की ओर धकेले जाने जैसी दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। सुरक्षा के लिहाज से यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर ऐसे स्टेशन पर जहां प्रतिदिन हजारों यात्री आवागमन करते हैं। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन उत्तर भारत के प्रमुख रेल मार्गों को जोड ? वाला अहम जंक्शन है। यहां से लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोकल और पैसेंजर ट्रेनें भी संचालित होती हैं। ऐसे में प्लेटफॉर्म की सीमित चौड़ाई यात्रियों के लिए लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई थी।

# युवा कारोबारी को कार से रौंदा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में गोविंदपुरम के पास मंगलवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां कार सवार तीन युवकों ने एक युवा कारोबारी को अपनी गाड़ी से रौंद दिया। इस हमले में कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी रीढ़ की हड्डी और पैर की हड्डी में तीन फ्रैक्चर आए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जबकि आरोपियों की क्रूरता का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घायल कारोबारी की पहचान कैलाशपुरम निवासी ऋषि चौहान के रूप में हुई है, जो अपने पिता राजेश कुमार के साथ रईसपुर में जैविक खाद बनाने का प्लांट संचालित करते हैं। परिजनों का आरोप है कि ऋषि का सदरपुर निवासी आयुष तेवतिया से पूर्व में विवाद हो चुका था। उस दौरान आयुष द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात ऋषि चौहान अपने प्लांट से बलेनो कार में अकेले गोविंदपुरम की ओर जा रहे थे। एनडीआरएफ रोड के पास पीछे से आयुष तेवतिया ने अपनी होंडा सिटी कार से ऋषि की कार को टक्कर मार दी। इसके बाद ऋषि ने अपनी गाड़ी आगे बढ़ाई, लेकिन कुछ दूरी पर उनकी कार बंद हो गई। ऋषि कार से बाहर निकलकर हाथ में डंडा लेकर सामने आया, तभी आरोप है कि आयुष ने जानबूझकर उस पर कार चढ़ा दी। इस दौरान आयुष की कार का एक पहिया नाले में उतर गया और ऋषि सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और तीनों आरोपियों को घेर लिया।

# एडिशनल सीपी ने ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नशा पीड़ितों के उपचार और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडे की दिशा में प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात (एडिशनल सीपी) आलोक प्रियदर्शी ने थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र अंतर्गत कमला नेहरू नगर स्थित नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार प्रक्रिया, मरीजों की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडिशनल सीपी ने केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की और वहां उपचाराधीन नशा पीड़ितों से जुड़ी व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने यह भी देखा कि मरीजों को किस प्रकार चिकित्सकीय परामर्श, दवाइयां और मानसिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों की सुरक्षा और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर केंद्र के चिकित्सकों और स्टाफ के साथ एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें नशा पीड़ितों की पहचान, समय पर उपचार और प्रभावी पुनर्वास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। गोष्ठी में नशा मुक्ति कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया तथा समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। एडिशनल सीपी श्री आलोक प्रियदर्शी ने केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संस्थान समाज को नशामुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था गिरोह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना पुलिस ने गुरुवार को वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई संतनगर बिजलीघर के पास नियमित वाहन जांच के दौरान की गई, जब पुलिस की सतर्कता से चोरी का मामला सामने आ गया। थाना अंकुर विहार पुलिस की टीम गुरुवार को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संतनगर बिजलीघर के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार एक युवक को शक के आधार पर रोककर जांच की गई। पुलिस द्वारा वाहन के कागजात और नंबर की पड़ताल करने पर पता चला कि जिस बाइक से युवक आ रहा था, उसके चोरी होने की रिपोर्ट दिल्ली में पहले से दर्ज है। पुलिस ने मौके पर ही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम रफीक उर्फ राजा बताया है, जो थाना अंकुर विहार क्षेत्र के प्रीत विहार का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी करता था और उन्हें सस्ते दामों में कबाडियों को बेच देता था।

## गलत दिशा में दौड़ रहे ई-रिक्शा ने छीनी सिक्योरिटी गार्ड की जान

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ई-रिक्शा ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। गलत दिशा में आ रहे ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर से बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। राजनगर एक्सटेंशन के मोरटी गांव निवासी राहुल ने बताया कि चार जनवरी की शाम करीब सवा छह बजे उनका छोटा भाई शुभम अपने पिता कमल किशोर को बाइक से ऑफिस छोडे जा रहा था। कमल किशोर एक निजी संस्थान में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत थे। जब पिता-पुत्र नंदग्राम क्षेत्र में एके चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे, तभी सामने से गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रहे एक ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार, छह करोड़ की लागत से शुरू हुआ कॉरिडोर का प्रथम चरण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कॉरिडोर निर्माण के लिए जिन दुकानों को हटाया जाना है, उनके दुकानदारों को हिंडन विहार क्षेत्र में शिफ्ट किया जाएगा। दुकानदारों के पुनर्वास के लिए नगर निगम द्वारा 63 नई दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए पिछले सप्ताह शासन ने नगर निगम को औपचारिक अनुमति प्रदान कर दी है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार हिंडन विहार में बनने वाली ये दुकानें उन्हीं दुकानदारों को आवंटित की जाएंगी, जिनकी दुकानें कॉरिडोर निर्माण के दायरे में आ रही हैं। इससे प्रभावित दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था मिल सकेगी और उनकी आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। शासन की इस पहल को दुकानदारों के हित में बड़ा कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि ऐतिहासिक दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर गाजियाबाद की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। मंदिर की बढ़ती मान्यता और श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए शासन ने पर्यटन विभाग को छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। कॉरिडोर के प्रथम चरण के निर्माण कार्य के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को अधिकृत किया गया है। यूपीपीसीएल ने प्रथम चरण के निर्माण कार्य की शुरूआत भी कर दी है। इस चरण में मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को सुव्यवस्थित कर श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था विकसित की जाएगी। दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर का पौराणिक महत्व भी अत्यंत विशेष माना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना लंकापति रावण के पिता ऋषि विश्रवा ने की थी।

